RNI : CHHHIN/2022/83766 | ■ वर्ष : 03, अंक : 309 ■ गरियाबंद से प्रकाशित ■ शनिाार, 02 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मूल्य : 3 रुपए | www.gangaprakash.com



हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# गंगा प्रकाश

संपादक : प्रकाश कुमार यादव

प्रबंध संपादक : रज्जू बंजारे



मनोरंजन 07
जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ की फिल्म परम सुंदरी की रिलीज डेट का ऐलान



आंचलिक 03
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण का सफल...

खेल 06
केएल राहुल को मिलेगी कप्तानी, 25 करोड़ रुपये भी मिलेगें?

दैनिक समाचार पत्र गंगा प्रकाश को पत्रकारो की आवश्यकता है।
इच्छूक व्यक्ति संपर्क करें :- 8878098815 9770269285

## पहला कॉलम

### पटना के एम्स में कार्यरत नर्स के घर में 2 बच्चे जले मिले, जिंदा जलाने का शक

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रोंगटे खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नर्स के घर में 2 बच्चों के शव जली हुई अवस्था में मिले हैं, जिससे सनसनी फैल गई है। घटना जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव की है। पीड़ित महिला अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में नर्स शोभा देवी हैं। मृतक बच्चों के नाम अंजलि कुमारी (14) और अंशु (12) हैं। दोनों बच्चों के शव बिस्तर में जली अवस्था में मिले हैं। जब बच्चे दोपहर बाद स्कूल से घर लौटे थे, तब शोभा देवी और उनके पति ललन कुमार गुप्ता घर पर नहीं थे। शोभा एम्स में थीं। जब वे घर पहुंचीं तो घर से धुआं निकल रहा था और अंदर जाने पर दोनों बच्चों का जला हुआ शव बिस्तर पर पड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### फर्जी एफआईआर से लेकर जाली दस्तावेज तक की पूरी साजिश बेनकाब

**धौलपुर ।** प्रयागराज पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो हाईकोर्ट में जाली दस्तावेजों और फर्जी हस्ताक्षरों के सहारे केस को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। यह गिरोह राजस्थान के धौलपुर से जुड़ा है, जहां से इस साजिश की शुरुआत हुई थी। गिरफ्तार लोगों में संजीव गौड़, उनकी पत्नी अराधना गौड़ और राजेश कुमार शामिल हैं। इन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक हेल्थकेयर कंपनी के खिलाफ फर्जी दस्तावेज पेश करने, झूठी एफआईआर दर्ज करवाने और अदालत को भ्रमित करने का आरोप है। नोएडा की हेल्थकेयर कंपनी की शिकायत पर प्रयागराज के कैंट थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने न सिर्फ हाईकोर्ट में फर्जी दस्तावेज दिए, बल्कि धौलपुर के थानों में तीन झूठी एफआईआर भी दर्ज करवाई थीं।

### सारण पुलिस की आवाज़ दो मुहिम को मिली बड़ी सफलता

**सोनपुर।** विश्व मानव व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, बिहार ने सारण एसएसपी डॉ. कुमार आशीष को मानव तस्करी और बाल/महिला उत्पीड़न के खिलाफ बेहतरीन कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया। इस मौके पर कई अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी और जिलों /प्रभाग/ संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सारण पुलिस की उपलब्धियाँ : कुल मुक्त कराई गई बालिकाएं: 191 , कुल दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर): 24 , कुल गिरफ्तार अभियुक्त (तस्कर/ शोषक): 69 , सफल पुनर्वास की गई बालिकाएं: 50त्न से अधिक। 'आवाज़ दो' मुहिम की विशेषताएं : सारण पुलिस द्वारा अक्टूबर 2024 से शुरू की गई। आवाज़ दो मुहिम के तहत: पीड़िताओं को सहायता:305 पीड़िताओं को सहायता प्रदान की गई है । सोशल मीडिया अकाउंट्स रिकवर:10 सोशल मीडिया अकाउंट्स रिकवर किए गए हैं ।

उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान

# 9 सितंबर को होगा मतदान और नतीजा भी उसी दिन...

नई दिल्ली/ एजेंसी

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था।भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। इसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम की बात करें तो 1974 के नियम 40 के अनुपालन में निर्वाचन आयोग को इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अद्यतन सूची, उनके नवीनतम पते सहित, तैयार करने और बनाए




रखने का अधिकार है। इससे पहले चुनाव आयोग ने बताया था कि उसने उप राष्ट्रपति चुनाव, 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इन सदस्यों को एक सतत क्रम में सूचीबद्ध किया गया है। सभी सदस्यों को वर्णमाला क्रम में उनके संबंधित सदनों के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के आधार पर व्यवस्थित किया गया है। इससे पहले धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी दो साल से ज्यादा का समय बाकी था। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे में लिखा, 'स्वास्थ्य का ध्यान रखने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय।

### उपराष्ट्रपति पद के लिए संभावित उम्मीदवार

**हरिवंश नारायण सिंह:** वर्तमान में राज्यसभा के उपसभापति और बिहार से जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सांसद हैं। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के करीबी माने जाते हैं। इनके पास सदन चलाने का लंबा अनुभव और मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि है।

**थावरचंद गहलोत:** वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल थावरचंद गहलोत को भी उप-राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। दलित समुदाय से होने के कारण इस उप-राष्ट्रपति के रेस में सबसे आगे हैं।

**ओम माथुर:** भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम माथुर भी उप-राष्ट्रपति पद की रेस में बने हुए हैं। राजस्थान में उनका मजबूत राजनीतिक आधार है।

**रामनाथ ठाकुर:** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर के बड़े पुत्र कर्पूरी ठाकुर भी उप-राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। हाल ही में जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद इस बात की चर्चा और तेज हो गई थी।

ऋण धोखाधड़ी मामले में

# ईडी ने अनिल अंबानी को पांच को पूछताछ के लिए तलब किया

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अनिल अंबानी को कथित ?17,000 करोड़ के ऋण धोखाधड़ी मामले की चल रही जाँच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। वित्तीय अपराध जांच एजेंसी ने पिछले हफ्ते रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों समेत 50 कंपनियों और 25 लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। जांच के घेरे में आए दो ऋण यस बैंक द्वारा आरएचएफएल और आरसीएफएल को दिए गए थे। ईडी ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी को उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ कथित ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में 5 अगस्त को पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार (1 अगस्त, 2025) को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मामला दिल्ली में दर्ज होने की वजह से अंबानी (66) को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी अंबानी के पेश होने



पर धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। उनके समूह की कंपनियों के कुछ अधिकारियों को भी अगले कुछ दिन में पेश होने के लिए कहा गया है। पिछले सप्ताह संघीय एजेंसी ने 50 कंपनियों के 35 परिसरों और अनिल के व्यापारिक समूह के अधिकारियों समेत 25 लोगों के परिसरों पर छापे मारे थे। 24 जुलाई को शुरू हुई यह छापेमारी तीन दिन तक जारी रही थी। यह कार्रवाई रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर (आर इन्फ्रा) समेत अनिल अंबानी की कई समूह कंपनियों। द्वारा कथित वित्तीय अनियमितताओं और 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के सामूहिक ऋण को किसी और काम में इस्तेमाल करने के लिए की गई।

डेड इकोनॉमी विवाद

# सांसद राहुल गांधी ने ट्रंप के सुर में मिलाया सुर.....

नई दिल्ली/ एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताने के बाद बवाल मचा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान का समर्थन किया है, लेकिन कांग्रेस के कुछ दिग्गज नेता उनके रूख से सहमत नहीं है। इन नेताओं का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। तो चलिये बताते हैं कि राहुल गांधी क्यों डोनाल्ड ट्रंप के सुर में सुर मिला रहे हैं, वहीं उनके ही नेता उनकी सियासी ताल को बिगाड़ने के लिए खुलकर सामने आ चुके हैं। सबसे पहले बात करते हैं कि राहुल गांधी ने क्या कहा डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसद टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद बयान देकर भारत की इकोनॉमी को डेड बताया था। उन्होंने भारत और रूस के बीच कारोबार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा था कि दोनों डेड इकोनॉमी हैं। भारत और रूस अपनी बर्बाद अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं, उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मीडिया ने जब ट्रंप के इस बयान पर



### हमारी आर्थिक स्थिति बिल्कुल भी कमजोर नहीं

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य राजीव शुक्ला भी ट्रंप के डेड इकोनॉमी वाले बयान से इत्तेफ़ाक नहीं रखते हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीवी नरसिम्हा राव के समय में भारत में आर्थिक सुधार शुरू हो गए थे। अटल बिहारी बाजपेयी ने भी उन सुधारों को आगे बढ़ाया। मनमोहन सिंह ने दस सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। मौजूदा सरकार भी आर्थिक सुधारों को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था बिल्कुल भी कमजोर नहीं है।

राहुल गांधी से सवाल पूछा तो उन्होंने जवाब दिया, 'हां, वो (ट्रंप) सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को छोड़कर हर कोई यह बात को जानता है।

### कर्नाटक धर्मस्थल मामला : छठी जगह खुदाई में मिले मानव अवशेष

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के धर्मस्थल से जुड़े कथित सामूहिक बलात्कार और हत्याकांड में विशेष जांच दल एसआईटी को बड़ी सफलता मिली है। मामला का खुलासा करने वाले व्यक्ति और मंदिर के पूर्व सफाई कर्मी की निशानदेही पर आज छठे स्थान पर खुदाई की गई। यहां एसआईटी को मानव कंकाल के अवशेष मिले हैं। मामले में इसे निर्णायक मोड़ माना जा रहा है, क्योंकि अब तक 5 जगहों की खुदाई में कुछ नहीं मिला था।

झूठा आरोप लगा रहे हैं, संसद नहीं चलने दे रहे

# राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर भड़के किरेन रिजिजू,कहा-संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे हैं.....

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को धमकाने और लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दे रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की एक बहुत बड़ी साजिश है। उनका यह रवैया और सोच बेहद खतरनाक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, विपक्ष एक सुनियोजित और दुर्भावनापूर्ण योजना के तहत संवैधानिक संस्थाओं की छवि को खराब करने में जुटा है। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला है। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि राहुल गांधी की शैली से विपक्ष के भीतर भी असहमति बढ़ रही है। उन्होंने कहा, अब तो विपक्षी दलों के नेता भी आंतरिक रूप से राहुल गांधी का विरोध करने लगे हैं। लोग यह कहने लगे हैं कि राहुल गांधी एक गंदी



राजनीति खेल रहे हैं और देश की छवि को नष्ट करना चाहते हैं। किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा, विपक्षी सांसद जैसे ही बहस शुरू होती है। वेल में आ जाते हैं और संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते। फिर ये कहते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा। मैं इस झूठे आरोप की निंदा करता हूं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा। राहुल गांधी पर सीधा हमला करते हुए उन्होंने कहा, राहुल गांधी बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, जो कि बिल्कुल गलत है। कई विपक्षी दलों के नेताओं ने भी उनके बयानों की आलोचना की है।



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में चित्रकोट जलप्रपात पर वर्षा के बाद इंद्रावती नदी उफान पर बह रही है।

राहुल पर बिस्वा सरमा का निशाना

# वह भाजपा विरोधी नहीं बल्कि भारत विरोधी हैं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'बर्बाद अर्थव्यवस्था' वाले बयान से सहमति जताने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तगड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 दिनों ने राहुल गांधी को बुरी तरह बेनकाब कर दिया है। लोग अब समझ गए हैं कि वह भाजपा विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं। उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी हर काम शालीनता



से कर रहे हैं, विभिन्न देशों से बात कर रहे हैं, तो राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को सही ठहराते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय-छत्तीसगढ़ के विकास को मिली नई रफ्तार

# 1 नवंबर को 'अमृत रजत महोत्सव' में पीएम मोदी को दिया न्यौता

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विज़न @2047' दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विज़न दस्तावेज़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और



नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम 2023 से प्रेरणा लेते हुए राज्य में जन विश्वास विधेयक 2025 पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है। राजधानी नवा रायपुर के सुनियोजित और तीव्र विकास हेतु गठित छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जानकारी भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्राधिकरण के माध्यम से राजधानी क्षेत्र को एक आधुनिक, स्मार्ट एवं तेज़ी से विकसित शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में औद्योगिक निवेश और रोज़गार सृजन के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की भी जानकारी दी।

# चार सालों से अधूरी पुलिया : विकास की धँसी हुई तस्वीर!

## निर्माण की धीमी रफ्तार और प्रशासनिक उदासीनता ने इसे जनता की परेशानी

**छुरा/गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** पता नहीं कौन सा 'अशुभ मुहूर्त' था जब घूंनघुंटी नाले पर पुलिया निर्माण कार्य की नींव रखी गई थी, पर हकीकत यह है कि बीते चार सालों से यह पुलिया अधूरी पड़ी है, और आज भी पूरी होने का नाम नहीं ले रही। निर्माण की धीमी रफ्तार और प्रशासनिक उदासीनता ने इसे जनता की परेशानी और नेताओं की शर्मिंदगी का प्रतीक बना दिया है।



### हर साल एक स्ट्रक्चर, कब बनेगा पूरा पुल?

स्थानीय लोगों की मानें तो पिछले चार सालों में हर साल एक-एक ढांचा खड़ा हुआ, मानो यह सदी का निर्माण हो। गति इतनी धीमी है कि अगर यही हाल रहा तो इस पुलिया के पूरा होने में और चार साल तो कम से कम लगेंगे।

इस बीच जनता उम्मीद करती है — शायद इस साल बन जाए! — पर हर बार बारिश आते ही वह उम्मीद रेत में गाड़ी की तरह धँस जाती है।

### रेत में धँसी गाड़ियाँ, घंटों मशक्कत

बीते गुरुवार की घटना ने इस अव्यवस्था की पोल खोल दी। जतमई और घटारानी घूमने आए पर्यटक जब पुलिया पार कर रहे थे, तो ड्राइवर ने नाले में गाड़ी उतार दी। रेत में फँसी बोलेरो को निकालने में राहगीरों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार किसी तरह उसे बाहर निकाला गया, लेकिन सवाल वहीं खड़ा रहा: क्या यही विकास है?

### नेता वाहवाही में व्यस्त, विभाग लापता

जरगांव, रवेली, मंडेली और छुरा अंचल की जनता पूछ रही है ङ्क

### जनप्रतिनिधि आखिर कब जागेंगे?

चुनाव आते हैं तो वादे होते हैं, पर जब बात धरातल पर काम की आती है तो या तो ठेकेदार लापता होते हैं या विभागीय अफ्सर। न तो कभी किसी ने निर्माण स्थल पर झाँकने की जरूरत समझी, न कभी ठेकेदार से जवाब-तलब हुआ। जिस विभाग ने इस निर्माण की जिम्मेदारी ली, क्या कभी निरीक्षण के लिए गया भी है? और यह ठेका किस आधार पर उस सुस्त ठेकेदार को मिला, जो चार साल में एक पुलिया नहीं बना सका?

### बरसात बनी जनता की सजा

इस अधूरे निर्माण का सबसे ज्यादा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। विशेषकर बारिश के इन दिनों में जब नाला उफान पर रहता है, तब दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है।

छुरा ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला यह मार्ग क्षेत्र का सबसे सुगम और व्यस्त रास्ता है। फिर भी सरकार की नजर इस ओर कभी नहीं जाती।

### जनता का सवाल:

क्या कभी पूरी होगी यह पुलिया?

स्थानीय लोग थक चुके हैं, अब न किसी नेता के आश्वासन पर भरोसा है, न विभागीय योजनाओं पर।

वे कहते हैं, - ये कोई पुल नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों पर बना एक अधूरा तमाशा है।

### समाप्ति नहीं, चेतावनी

सरकार और प्रशासन को अब यह चेतावनी समझनी चाहिए —

अगर जल्द ही पुलिया का निर्माण तेज नहीं किया गया, तो यह मुद्दा आगामी चुनावों में ताकतवर जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

क्योंकि अब जनता सिर्फसुनना नहीं चाहती — उसे काम होता देखना है।

# प्रोफेसर डॉ. के. पी. वर्मा का सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न



**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया, बेमेतरा में पौधों विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. के. पी. वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉ. वर्मा ने 1989 से शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की थी और तीन दशकों तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सेवाएं दीं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने कहा कि डॉ. वर्मा का योगदान अनुसंधान और शिक्षण दोनों में उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने अलसी और सोयाबीन की रोग-रोधी किस्में विकसित कीं, ट्राइकोडर्मा तकनीक, बायोकंट्रोल लैब, मशरूम उत्पादन और बायोवेस्ट डीकंपोजर निर्माण जैसे नवाचार किए। सेवा काल में उन्होंने 30 एम.एस.सी. और 10 पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन किया और तीन वर्षों तक अधिष्ठाता पद पर रहते हुए महाविद्यालय में कई विकास कार्य कराए। इस अवसर पर डॉ. तोशन ठाकुर, डॉ. टी. डी. साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ. वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता वर्मा ने कविता के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। सभी ने डॉ. वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उवल भविष्य की कामना की।

# राज्यपाल गोद ग्राम 'बिजली' के सर्वांगीण विकास को मिली रफ्तार, कलेक्टर बी.एस. उईके ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

### हर योजनाएं हर द्वार – अब 'बिजली' गांव बनेगा विकास की मिसाल

गरियाबंद (गंगा प्रकाश)। फिंगेश्वर विकासखंड के 'राज्यपाल गोद ग्राम पंचायत' बिजली में अब विकास की रफ्तार और तेज होगी। कलेक्टर बी.एस. उईके ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्यपाल श्री रमेन डेका के मंशा अनुसार 'बिजली' ग्राम पंचायत को हर दृष्टिकोण से आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा, - राज्यपाल महोदय के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बिजली और इसके आश्रित गांव मड़वाडीह में योजनाओं का सिचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) होना चाहिए। कोई भी पात्र



व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रह जाए — यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**इन बिंदुओं पर दिए गए खास निर्देश:-** स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वच्छता और पर्यावरण जैसे सभी अहम विषयों में योजनाओं का समावेश सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उवला योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, नरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना और कृषि ऋण माफी जैसी प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि राज्यपाल के दौरे के बाद जो कार्य तय हुए हैं, उनकी प्रगति रिपोर्ट हर माह दी जाए।

गांव के विकास के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार कर उस पर समन्वित अमल किया जाए।

**राज्यपाल की पहल बनी प्रेरणा, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का तालमेल-** गौरतलब है कि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने व्यक्तिगत रुचि लेकर 'बिजली' ग्राम पंचायत को गोद लिया है। वे स्वयं गांव का दौरा कर चुके हैं, ग्रामीणों से संवाद कर चुके हैं और गांव की प्राथमिक ज़रूरतों को समझकर दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि – बिजली गांव को ऐसा मॉडल बनाना है, जहां शासन की हर योजना कागज पर नहीं, ज़मीन पर दिखे।

राज्यपाल के सामाजिक उत्तरदायित्व की इस भावना से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों में भी नई ऊर्जा आई है। गांव की पंचायत, सरपंच और पंचगण भी अब सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

**बिजली बनेगा विकास का ब्रांड नाम-** कलेक्टर उईके ने कहा कि – राज्यपाल महोदय ने सिर्फ नाम भर नहीं गोद लिया, बल्कि वे इसे नवाचार और समग्र विकास का मॉडल गांव बनाना चाहते हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और पंचायत प्रतिनिधि को अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करना होगा।

**अधिकारियों की बैठक में रहे मौजूद:-** बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, वन, रोजगार गारंटी, जल संसाधन, विद्युत, खाद्य और पंचायत विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। सभी को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा गया। बिजली गांव अब केवल नाम का नहीं, काम का गांव बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शासन की योजनाएं कागजों से निकलकर अब हर घर तक, हर नागरिक तक पहुँचेंगी। राज्यपाल की संवेदनशील पहल और प्रशासन की तत्परता मिलकर इस गांव को विकास का रोल मॉडल बना सकती है।

## जनसुरक्षा और पशु कल्याण हेतु बेमेतरा प्रशासन सख्त

# सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या पर उच्चस्तरीय बैठक, प्रभावी कार्ययोजना लागू करने के निर्देश

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, जनसुरक्षा और पशु कल्याण हेतु समग्र रणनीति तैयार

**बेमेतरा ( गंगा प्रकाश )** जिले में सड़कों पर घूमते आवारा और घुमंतू पशुओं की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाएं और यातायात अव्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू एवं अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेई नागरिकों की जानमाल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडिशनल एसपी श्रीमती ज्योति सिंह, आरटीओ श्री अरविंद भगत, नगर पालिका सीएमओ, पशुपालन, राजस्व, पुलिस, नगरीय प्रशासन और पंचायत विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों पशुपालन, राजस्व थाना/चौकी प्रभारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



एसएसपी श्री साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब जिले में सड़कों पर मवेशियों की उपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह स्थिति केवल यातायात में बाधा नहीं, बल्कि नागरिकों की जान को भी खतरे में डाल रही है। उन्होंने नगर निकायों को तत्काल विशेष अभियान चलाकर सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने और उन्हें चिन्हांकित आश्रय स्थलों अथवा गौशालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता है, तो उसके खिलाफ पशु अधिनियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय और निर्देश-** बैठक में सभी संबंधित विभागों की भागीदारी से समग्र और बहुआयामी कार्ययोजना पर विचार किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर मवेशियों के विचरण को नियंत्रित कर जन सुरक्षा, पशु कल्याण, यातायात नियंत्रण, और स्वच्छता को सुनिश्चित करना है। बैठक में लिए गए कुछ प्रमुख निर्णय लिए गए जिसमे नगर निकाय विशेष अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ेंगे और चिन्हित गोशालाओं अथवा अस्थायी आश्रय स्थलों में सुरक्षित रूप से विस्थापित करेंगे। चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर पुलिस गश्त और सीसीटीव्ही निगरानी बढ़ाई जाएगी। जो लोग जानबूझकर अपने पशुओं को खुले में छोड़ते हैं, उनके खिलाफ जुर्माना और अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। ग्राम सभाओं, स्कूलों, जनचौपाल, रेडियो, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से पशुपालकों को स्टॉल फीडिंग, पशु प्रबंधन, और पशु अधिनियमों की जानकारी दी जाएगी।

**संकेतक बोर्ड एवं स्ट्रीट लाइट्स दुर्घटना संभावित मार्गों पर लगाए जाएंगे-** नरेगा योजना के तहत अस्थायी गौआश्रय स्थलों का निर्माण, समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**पशु कल्याण से लेकर सूचना प्रबंधन तक का समावेश-** प्रशासन द्वारा तैयार कार्ययोजना में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है जिसमे आवारा पशुओं को गौशालाओं, काजी हाउस, गौ-अभ्यारण्य और अस्थायी आश्रयों में विस्थापित किया जाएगा। पूर्व में संचालित गौ-आश्रय स्थलों की स्थायी समितियों को पुनर्जीवित कर संचालन में सहयोग लिया जाएगा। धार्मिक-सामाजिक संगठनों, कॉरपोरेट्स और एनजीओ के सहयोग से दीर्घकालिक पुनर्वास योजना को क्रियान्वित किया जाएगा।

**आवश्यक संसाधन एवं सेवाएं-** काउ-कैचर वाहनों की व्यवस्था सभी नगर पालिकाओं, पंचायतों और निकायों के पास सुनिश्चित की जाएगी। चारा प्रबंधन और पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्ति और अस्पतालों की मैपिंग की जाएगी। घायल पशुओं की तत्काल चिकित्सा सुविधा और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था होगी। पशुपालकों में जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता ग्राम पंचायत, जन चौपाल, स्कूलों और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से खुले में पशु छोड़ने के दुष्परिणामों को बताया जाएगा। स्टॉल फीडिंग के लाभ जैसे बेहतर स्वास्थ्य, फसल सुरक्षा और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के बारे में जानकारी दी जाएगी। सोशल मीडिया, रेडियो और टीवी चौनलों के माध्यम से नियमित जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

**आपातकालीन और सड़क सुरक्षा उपाय-** चिन्हित मार्गों पर संकेतक बोर्ड और स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग के समन्वय से दुर्घटना स्थलों पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**सूचना प्रबंधन एवं विभागीय जिम्मेदारियाँ स्पष्ट-** एक केंद्रीकृत सूचना केंद्र की स्थापना की जाएगी, जो सभी आवारा पशु घटनाओं, दुर्घटनाओं, और संबंधित सूचनाओं को एकत्रित कर संबंधित विभागों को तत्काल उपलब्ध कराएगा। इस केंद्र में टोल फ्री नंबर, जियो टैगिंग, और पोर्टल आधारित डैशबोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**विभागीय जिम्मेदारियों का विभाजन-** लोक निर्माण विभाग सड़क सुरक्षा तत्वों को निर्माण में शामिल करना, ठेकेदार की जवाबदेही तय करना। निगरानी दल का गठन, अस्थायी बाड़ों का निर्माण, काउ-कैचर वाहन और चारा व्यवस्था। ईयर टैगिंग, पशु चिकित्सा, नस्ल सुधार और गौशाला प्रबंधन। चारागाह प्रबंधन और पशु आहार व्यवस्था। घायल व्यक्तियों के लिए त्वरित चिकित्सा सहायता। चारागाह की उपलब्धता और अवैध कब्जों से मुक्ति। डेटा संकलन और सूचना समन्वय। वन क्षेत्रों में आवारा पशुओं की निगरानी और चारागाह प्रबंधन।

**प्रशासन का सख्त संदेश : समस्या का स्थायी समाधान अनिवार्य-** बैठक के अंत में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवारा पशुओं की समस्या अब प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़कों की सुरक्षा, नागरिकों का जीवन, और यातायात व्यवस्था की सुचारूता सुनिश्चित करना अब समय की मांग है। इस दिशा में सभी विभाग समन्वय से कार्य करें, यह सुनिश्चित किया गया है। साथ ही सामाजिक सहयोग को भी उतना ही आवश्यक माना गया है। यह कार्ययोजना न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक होगी, बल्कि पशु कल्याण, शहरी व्यवस्था, और स्वच्छता में भी दीर्घकालिक सुधार लाएगी। बेमेतरा जिले की सड़कों को दुर्घटनारहित, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासनिक अमला अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है।

# पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क अध्ययन का अवसर

### छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित ''अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया जारी

**बेमेतरा( गंगा प्रकाश )** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के उद्देश्य से जिलों में संचालित निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर गुणवत्तायुक्त नि:शुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के समान अवसर प्रदान करने हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित है। योजनान्तर्गत अनुबंधित निजी आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिलाया जाकर कक्षा 12वीं तक नि:शुल्क अध्ययन का अवसर प्रदान किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक ऑनलाईन आवेदन 5 अगस्त 2025 तक विभागीय व े ब प ो ट र् ल httpsÑ//shramevjayate.cg.gov.in/ तथा मोबाईल ऐप Shramev Jayate के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने पंजीकृत श्रमिकों से अपील कर अपने बच्चों का इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

श्रम पदाधिकारी जिला बेमेतरा के द्वारा बताया कि आवदेक जिला श्रम कार्यालय, श्रम संसाधन केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए नजदीकी जिला श्रम कार्यालय, श्रम संसाधन केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

# विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बसना** / विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बसना के तत्वाधान में शिक्षा सत्र 2025-26 के शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों से 14, 17,और 19 वर्ष वर्ग के खिलाड़ी छात्र/छात्राएँ भाग ले रहे हैं। अभी तक विकास खण्ड स्तरीय योगा, शतरंज, फुटबॉल, क्रिकेट, ताइक्वांडो, रग्बी, भारोत्तोलन आदि खेलों का आयोजन किया गया हो चुका है। इन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पीएम श्री सेजेस बसना के क्रीड़ा परिसर, मिनी स्टेडियम बंसुला, और शास. उ. माध्य. विद्यालय दुलारपाली के खेल मैदान में किया गया। खिलाड़ियों ने अपने दम-खम और बुद्धिमत्ता से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इनके उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए चयन किया गया। इन खिलाड़ियों को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर सिंह कंवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण का सफल समापन

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सशक्त कदम

**बेमेतरा ( गंगा** प्रकाश)महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल करते हुए परियोजना बेरला में एक माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका समापन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेरला में गरिमामय समारोह के साथ किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को न केवल शारीरिक सुरक्षा के गुर सिखाए गए, बल्कि उन्हें



सामाजिक और कानूनी रूप से भी सजग किया गया।

छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

इस प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को कई विषयों पर जानकारी दी गई जैसे पॉक्सो एक्ट (प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफ्सेस), गुड टच-बैड टच की पहचान, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं वन स्टॉप सेंटर 181 की उपयोगिता, घरेलू हिंसा और लैंगिक उत्पीड़न से बचाव, बाल विवाह की रोकथाम और इससे जुड़े कानूनी प्रावधान, लैंगिक समानता और मासिक स्वच्छता का महत्व, साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय, बालिकाओं को आत्मविश्वास से किया गया सशक्त।

एक माह तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक भानुप्रताप साहू द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और सजगता का संचार हुआ, जिससे वे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम होंगी।समापन कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री जयप्रकाश करमाकर, एबीईओ श्री अवधेश उइके, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा दास, परियोजना अधिकारी डॉ. विद्यानंद बोरकर (एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला), महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से श्री राजीव कुमार वर्मा (जिला मिशन समन्वयक), जेंडर विशेषज्ञ सेवंतिका एवं तमन्ना, सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक राखी यादव एवं पर्यवेक्षक आरती बंजारे, तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**छात्राओं को सम्मान स्वरूप दिए गए प्रशस्ति पत्र**- प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों ने बालिकाओं को बधाई दी और उनके उवल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम न केवल बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण की भावना को भी मजबूती प्रदान करता है। महिला एवं बाल विकास विभाग की यह पहल आने वाले समय में एक सकारात्मक बदलाव की आधारशिला बनेगी।

# स्कार्फ: स्काउटिंग की पहचान, सेवा और समर्पण का प्रतीक — के.आर. सिन्हा

## सशक्त, समृद्ध राष्ट्र निर्माण हेतु स्काउटिंग से जुड़े हर युवा





**छुरा ( गंगा प्रकाश )।** विश्व स्कार्फ दिवस के मौके पर स्थानीय स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा ने युवाओं को स्काउटिंग से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा, स्कार्फ केवल एक कपड़ा नहीं, यह सेवा, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग आज केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि एक वैश्विक आंदोलन है जो युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक और देशभक्त बनाता है। सिन्हा ने बताया कि 190। में पहले स्काउट शिविर की स्मृति में प्रतिवर्ष 1 अगस्त को वर्ल्ड स्कार्फ डे मनाया जाता है। यह दिन दुनियाभर के स्काउट्स को उनकी प्रतिबद्धता और सेवाभाव की याद दिलाता है। स्कार्फ स्काउटिंग की वो पहचान है जो न केवल अलग-अलग देशों, रंगों और भाषाओं को जोड़ता है, बल्कि उन्हें एक विश्व, एक परिवार की भावना में बांधता है।

**दुनिया के 224 देशों में फैला स्काउटिंग का परचम**- आज स्काउटिंग विश्व के 224 देशों में संचालित हो रही है, जहां 5.4 करोड़ से अधिक युवा और वयस्क सदस्य इससे जुड़े हुए हैं। भारत सहित अनेक राष्ट्रों में स्काउटिंग युवाओं को चरित्र निर्माण, सामाजिक सेवा, नेतृत्व विकास और आत्मनिर्भरता के लिए प्रशिक्षित कर रही है।

**स्कार्फ उपयोगिता और गौरव का संगम**- योगविद् एवं स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा ने स्कार्फ की बहुआयामी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, स्कार्फ केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि एक उपयोगी वस्तु भी है जिसे आपातकाल में पट्टी या रस्सी की तरह उपयोग किया जा सकता है। स्कार्फ को विशेष 'वागल' (गांठ) के साथ बांधा जाता है जिससे उसका आकर्षण और गरिमा बढ़ जाती है। अलग-अलग रंगों के स्कार्फ स्काउटिंग में पद और जिम्मेदारियों की पहचान कराते हैं। यह अनुशासन और संगठनात्मक ढांचे का प्रतीक होता है। स्काउटिंग में स्कार्फ पहनना न केवल गरिमा की बात है बल्कि यह युवा को अपने अनुभव और योगदान पर गर्व का अहसास कराता है।

**स्कार्फ के पीछे छिपा स्काउटिंग का दर्शन**- के.आर. सिन्हा ने जोर देकर कहा कि स्काउटिंग कोई समयबद्ध पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। इसमें बालकों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से तैयार किया जाता है ताकि वे जीवन की हर परिस्थिति में सक्षम बन सकें। स्काउटिंग से जुड़ने वाले युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना का विकास होता है। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग का मूल उद्देश्य युवाओं को ऐसा इंसान बनाना है जो सबसे पहले देश की भावना से ओतप्रोत हो और समाज की हर ज़रूरत में आगे आकर सेवा दे सके।

**नवोदित पीढ़ी के लिए संदेश**- अगर आप देश के निर्माण में भागीदार बनना चाहते हैं, अगर आपको समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा चाहिए, तो स्काउटिंग आपका रास्ता है, — यह संदेश स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा ने युवाओं को देते हुए कहा।

**मुख्य बिंदु संक्षेप में:**- स्काउटिंग 224 देशों में 54 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ सक्रिय।

* स्कार्फ स्काउटिंग की पहचान, सेवा और आपातकालीन स्थितियों में उपयोगी।

* 190। के पहले स्काउट शिविर की याद में 1 अगस्त को मनाया जाता है वर्ल्ड स्कार्फ डे।

* स्काउटिंग युवाओं को सामाजिक, मानसिक और नेतृत्व के लिए तैयार करता है।

* अलग-अलग रंग के स्कार्फ स्काउटिंग में पद और जिम्मेदारी का संकेत।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी, अब 13 अगस्त तक करें आवेदन

**बेमेतरा ( गंगा प्रकाश** )नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 13 अगस्त 2025 कर दी है। यह निर्णय अभिभावकों और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि कोई भी योग्य विद्यार्थी इस सुनहरे अवसर से वंचित न रह जाए। अब तक आवेदन नहीं कर सके विद्यार्थी अब 13 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और इच्छुक अभ्यर्थी निम्न पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी httpsÑ/ /cbseitms.rcil.gov.in/ nvs/Inde&/Registration से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वे सभी विद्यार्थी इस चयन परीक्षा के लिए पात्र हैं जो वर्तमान में (शैक्षणिक सत्र 2024) किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं। अन्य निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं, जैसा कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा निर्देशित है। यह परीक्षा देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। जिला प्रशासन ने भी अनुरोध किया है कि इस जानकारी को अधिक से अधिक अभिभावकों और विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाए, ताकि योग्य विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों को समय पर आवेदन करवाएं और इस शैक्षणिक अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

# थाना पामगढ़ पुलिस की पहल, थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम कुटराबोड़ के मथोर्मा स्कूल में यातायात/सायबर जाकरूकत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पामगढ़ ( गंगा प्रकाश )**:- पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चाम्पा श्री विजय कुमार पाण्डेय (IPS) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर -चाम्पा पुलिस द्वारा साइबरफ्रॉड, युवाओं में बढ़ते नशा सेवन की दुष्प्रभाव एवं सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के नेतृत्व में जन - जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कुटराबोड़ के मथोर्मा स्कूल पामगढ़ में यातायात नियमों के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# आखिर कैसे बना अपात्र व्याख्याता छुरा का बीआरसी? – शासन आदेश को दरकिनार कर गरियाबंद में खुली नियमों की धज्जियां

**छुरा ( गंगा प्रकाश )।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत नियुक्त बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर) पद के लिए स्पष्ट पात्रता नियमों को दरकिनार कर गरियाबंद जिले के छुरा विकासखण्ड में एक अपात्र व्याख्याता की नियुक्ति ने प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

राज्य परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर द्वारा दिनांक 15 मार्च 201। को जारी आदेश (क्रमांक 2306/2016-1।) की कंडिका (1) में स्पष्ट उल्लेख है कि: - व्याख्याता/व्याख्याता पंचायत संवर्ग को बीआरसी/बीआरपी के पद पर नियुक्त न किया जाए। केवल प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक या उच्च श्रेणी के शिक्षक ही इस पद के लिए पात्र होंगे।

जब पूरे प्रदेश में इस निर्देश का पालन करते हुए व्याख्याता संवर्ग के अभ्यर्थियों को बीआरसी चयन प्रक्रिया से बाहर किया गया — बिलासपुर जैसे जिलों में भी — तब आखिर छुरा विकासखण्ड में इस आदेश की अनदेखी कैसे हो गई?

## क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के अनुसार, फिंगेश्वर विकासखण्ड के परसदा कला हाईस्कूल में पदस्थ व्याख्याता हरीश कुमार देवांगन को छुरा विकासखण्ड का बीआरसी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल शासन के निर्देशों की सीधी अवहेलना है, बल्कि यह आशंका भी पैदा करती है कि इस नियुक्ति के



पीछे राजनीतिक दबाव या संभावित लेन-देन की भूमिका हो सकती है।

**क्या छुरा विकासखण्ड में कोई पात्र शिक्षक नहीं था?**- शिक्षा विभाग के आंतरिक सूत्रों के अनुसार छुरा विकासखण्ड में कई ऐसे उच्च श्रेणी शिक्षक और प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शिक्षक हैं जो बीआरसी पद के लिए पूर्णतः पात्र हैं। फिर भी एक अन्य विकासखण्ड के अपात्र व्याख्याता को इस पद पर बैठाना संदेहास्पद है।

## जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधि मंडल रायपुर रवाना

स्थानीय शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों ने इस नियमविरुद्ध नियुक्ति को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि: - यह नियुक्ति न केवल शासनादेश का उल्लंघन है, बल्कि छुरा के योग्य शिक्षकों का भी अपमान है।

एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मिशन संचालक और कलेक्टर गरियाबंद से मिलकर इस संबंध में शिकायत करेगा। शासन आदेश की प्रति के साथ अपात्र बीआरसी को तत्काल हटाकर मूल स्कूल में वापस भेजने की मांग की जाएगी।

## डीपीसी गरियाबंद शिवेश शुक्ला ने क्या कहा?

जब ज़िले के जिला परियोजना समन्वयक (ष्ठक्क्र) शिवेश शुक्ला से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा: - इस संबंध में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। शिकायत प्राप्त होने पर राज्य परियोजना को पत्र लिखा जाएगा।

## प्रश्न जो शासन से पूछे जाने चाहिए:

* जब शासनादेश में व्याख्याता को बीआरसी बनाने पर रोक है, तो किस आधार पर आदेश पारित हुआ?

* क्या नियुक्ति में नियमों के उल्लंघन की जानकारी जिला प्रशासन को थी?

* क्या यह मामला प्रशासनिक भ्रष्टाचार और राजनीतिक हस्तक्षेप का संकेत है?

छुरा विकासखण्ड में बीआरसी पद पर हुई यह नियुक्ति सिर्फ एक पद पर बैठाने की बात नहीं है, बल्कि यह पूरे शिक्षा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। यदि शासनादेशों को ऐसे ही दरकिनार किया जाता रहा, तो योग्य कर्मियों के अधिकार कुचले जाएंगे और समग्र शिक्षा जैसे संवेदनशील मिशन की मूल भावना ही कमजोर पड़ जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की अभिनव पहल, हेलमेट बांटकर यातायात नियमों के पालन की अपील





## नियमों का पालन करने वालों का किया गया सम्मान

**कोण्डागांव ( गंगा प्रकाश )।** जिला प्रशासन द्वारा आज सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फॉरेस्ट नाका मर्दापाल तिराहा के समीप किया गया, जहाँ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बिना हेलमेट चलाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम में कलेक्टर ने हेलमेट पहनने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों और कार में सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने



वालों की सराहना करते हुए उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कलेक्टर ने लोगों से आग्रह किया कि वे सभी यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें और न केवल अपनी, बल्कि अन्य यात्रियों और राहगीरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। कार्यक्रम में राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुल 50 हेलमेट वितरित किए गए, साथ ही 12 सड़क सुरक्षा मित्रों को भी हेलमेट प्रदान कर उनकी भूमिका की सराहना की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया, यातायात प्रभारी मुकेश जोशी, लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोण्डागांव के कोकोड़ी गांव में एथेनॉल प्लांट बना किसानों के लिए संकट, दूषित जल से फसलें बर्बाद – मंत्री का बयान बना विवाद का कारण

**कोण्डागांव ( गंगा प्रकाश )।** कोण्डागांव जिला मुख्यालय से लगे कोकोड़ी गांव में स्थापित मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित का मक्का प्रसंस्करण प्लांट इन दिनों किसानों के लिए मुसीबत का कारण बनता जा रहा है। जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ सरकार के मार्गदर्शन में स्थापित यह प्लांट अभी पूरी तरह से प्रारंभ नहीं हुआ है, लेकिन इसके प्रारंभिक इथेनॉल टेस्टिंग के दौरान ही आसपास के सैकड़ों एकड़ खेतों में फसल को भारी नुकसान होने लगा है। इस पूरे मामले पर छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों की समस्या पर बेतुका बयान दिया है।

स्थानीय किसानों का आरोप है कि प्लांट से निकलने वाला दूषित जल उनके खेतों तक पहुंच रहा है। इससे न केवल धान की





खड़ी फसल मुरझाने लगी है, बल्कि खेतों और जल स्रोतों में पाई जाने वाली प्राकृतिक जैवविविधता जैसे केंचुआ, मेंढक, मछली और सांप भी मर रहे हैं। इस पर्यावरणीय क्षति और आजीविका के संकट ने किसानों को हताश कर दिया है।

किसान मनहेर पोयाम जो मछली पालन करते हैं, बताते हैं कि दूषित जल तालाब में आने से मछलियां मरने लगी हैं। चंदर नेताम का धान पूरी तरह खराब हो गया और जब दोबारा बोआई की गई, वह भी नष्ट होने के कगार पर है। रायपाल नेताम, नेहरू पोयाम, कांति नेताम, मानसिंह पोयाम और जुगधर नेताम जैसे दर्जनों किसान अपनी पूरी फसल चौपट होने की बात कह रहे हैं। वे इस स्थिति के लिए प्लांट से निकले अपशिष्ट को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इस गंभीर स्थिति पर जब कृषि मंत्री रामविचार नेताम से कोण्डागांव में सवाल किया गया, तो उन्होंने किसानों के दर्द को समझने की बजाय प्लांट की प्रशंसा करते हुए विवादास्पद बयान दे डाला। मंत्री नेताम ने कहा, जहां फैक्ट्री लगता है, वहां स्वाभाविक है कि जिनका खेत जाता है, उन्हें तकलीफ होती है। लेकिन उसकी भरपाई के लिए सरकार गंभीर है। अभी यूनिट पूरी तरह प्रारंभ नहीं हुआ है, होने दीजिए। अब सवाल उठता है कि क्या प्रशासन ने पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (EIA) जैसी प्रक्रिया को गंभीरता से अपनाया था? क्या किसानों को विश्वास में लेकर परियोजना को आरंभ किया गया था? और क्या अब सरकार उन किसानों की भरपाई करेगी जिनकी फसलें पहले ही बर्बाद हो चुकी हैं? इस घटना ने साफ कर दिया है कि औद्योगिक विकास और ग्रामीण जीवन के बीच संतुलन न साधा जाए, तो विकास लोगों के लिए अभिशाप बन सकता है। फिलहाल, कोण्डागांव के किसान सरकार की ओर उम्मीद लगाए बैठे हैं मुआवजे, न्याय और पर्यावरण सुरक्षा के लिए।

पत्रकारो की आवश्यकता है
छत्तीसगढ़ में हिन्दी दैनिक
समाचार पत्र गंगा प्रकाश
को संवाददाताओ की आवश्यकता है।
हिन्दी का अच्छा एवं अंग्रेजी का
ठीक -ठाक ज्ञान जरूरी
खबरो को तथ्यों के साथ पेश कर
सकने की इच्छा हो तो संपर्क करे
संपर्क सूत्र :-8878098815 9770269285

## संपादकीय

# दबाव को दरकिनार कर भारत ने चुना अपना रास्ता

भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को मौजूदा दौर में दुनिया भर में जारी बहुस्तरीय तनाव और दबाव की राजनीति के बीच एक बेहतर कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप ने इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से शुल्क के मोर्चे पर किस तरह का द्वंद्व खड़ा कर दिया है।हालांकि भारत ने अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किए गए किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया है और उसने नए विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष के साथ गुरुवार को एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार में लगभग चौंतीस अरब डालर की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।दूसरी ओर, यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन का यह किसी देश के साथ सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण व्यापार समझौता है। इस समझौते से निन्यानबे फीसद भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश कारों, विस्की और कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी।गौरतलब है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को इस निष्कर्ष तक पहुंचने में करीब तीन वर्ष लगे। दरअसल, फिलहाल दुनिया जिस तरह शुल्क के मसले पर व्यापार युद्ध के कगार पर है, उसमें समझौते के हर बिंदु पर कानूनी जांच और आटोमोबाइल उद्योग के संदर्भ में शुल्क छूट से जुड़े मसलों पर विचार करना लाजिमी था।अगर यह द्विपक्षीय समझौता जमीन पर उतरता है, तो भारत के वस्त्र, जूते, समुद्री खाद्य पदार्थ, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में और बेहतर पहुंच बना सकेगा। साथ ही भारत के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए भी नई राह खुलने के मौके बनेंगे और इस तरह देश के युवा वर्ग और किसानों के लिए नई संभावनाओं का दरवाजा खुल सकता है। वहीं, ब्रिटेन के चिकित्सा उपकरणों और कल-पुर्जे जैसे उत्पाद अब भारत में अपेक्षया कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे।

# संपादकीय इसमें यूएस का घाटा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान प्रवासी विरोधी बनता जा रहा है। यूएस की टेक कंपनियों को उनकी ताजा चेतावनी इसी का प्रमाण है। हालांकि ट्रंप की ऐसी हर कोशिश उनके ही देश को नुकसान पहुंचाएगी। अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत ही धमकियों से करने वाले ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। एक एआई समिट में उन्होंने कहा, 'हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने अमेरिकी आजादी का फायदा उठाते हुए चीन में फैक्ट्रियां बनाई, भारत में कर्मचारियों को नौकरी दी और आयरलैंड में मुनाफा बचाया...।' कुछ अरसा पहले ही ट्रंप ने एपल को चेतावनी दी थी कि अगर उसने भारत में प्रॉडक्शन किया, तो आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा। ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में बिकने वाला हर सामान अमेरिका में ही बने और उसे बनाएं भी अमेरिकी ही, लेकिन क्या यह संभव है? ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जब मुक्त व्यापार की बात हो रही है, तब कोई अर्थव्यवस्था खुद में सिमट कर नहीं रह सकती। और सबसे अहम बात, अमेरिकी कंपनियां इसलिए भारत या चीन में प्लांट लगाना चाहती हैं, क्योंकि यहां मैन्युफैक्चरिंग सस्ती है। इसी तरह, सिलिकॉन वैली या दूसरी अमेरिकन इंडस्ट्रीज में भारतीयों ने अपनी काबिलियत के दम पर जगह बनाई है। पिछले साल की एक रिसर्च के मुताबिक, सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक एम्प्लॉई भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्युन 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में टॉप पोजिशन पर भारतीय बैठे हैं। ये भारतीय अमेरिकी इकॉनमी के इंजन हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे और इनकी टोटल वैल्यू 195 अरब डॉलर आंकी गई थी। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। इसी तरह, अमेरिका की आबादी में बमुश्किल 1.5 प्रतिशत होने के बावजूद भारतीय 5-6 प्रतिशत इनकम टैक्स अदा करते हैं। अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है।

# तीर्थस्थलों पर आकस्मिक भगदड़ से प्रबंधन की भूमिका पर सुलगते सवाल मांग रहे दो टूक जवाब

(कमलेश पांडे )

आंकड़े बताते हैं कि पहले भी भीड़ जुटने के बाद अचानक मचने वाली भगदड़ में कई जानें जा चुकी हैं। सिर्फ मंदिर ही नहीं, अन्य सेलिब्रेटिज के दीदार या यात्रा सम्बन्धी भीड़ बढ़ने के बाद भी महज एक छोटी सी अफवाह कई लोगों की जान ले लेती हैं और बहुतेरे लोगों को घायल कर जाती हैं। उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित सुप्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में गत रविवार को सुबह आरती के समय अचानक बेकाबू हुई भीड़ से मची भगदड़ से हुए हादसे में जहां 8 लोगों की जान चली गई, वहीं 26 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इससे भक्त और भगवान के व्याकुल अन्तर्सम्बन्धों के साथ-साथ मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी सुलगते हुए सवाल उठ हैं। ऐसा इसलिए कि अपने आपमें न तो यह पहली घटना है और न ही अंतिम! बावजूद इसके, बेगुनाहों की मौतों का यह सिलसिला कब थमेगा, विश्वास पूर्वक कुछ कहा नहीं जा सकता है, क्योंकि ब्रेक के बाद देश भर के सुप्रसिद्ध मंदिरों या फिर उससे जुड़े अनुष्ठानों में ऐसे हादसे होते रहते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पहले भी भीड़ जुटने के बाद अचानक मचने वाली भगदड़ में कई जानें जा चुकी हैं। सिर्फ मंदिर ही नहीं, अन्य सेलिब्रेटिज के दीदार या यात्रा सम्बन्धी भीड़ बढ़ने के बाद भी महज एक छोटी सी अफवाह कई लोगों की जान ले लेती हैं और बहुतेरे लोगों को घायल कर जाती हैं। इसमें महिलाओं और बच्चों के शिकार होने की संभावना ज्यादा होती हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, गत 4 जून 2025 को आईपीएल में आरसीबी जीत का जश्न मनाने के लिए खेल के मंदिर यानी चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए समारोह में अकस्मात मची भगदड़ से 11 लोग मारे गए। वहीं, बीते 3 मई 2025 को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव में मची अचानक भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 100 लोग घायल हुए। जबकि गत 15 फरवरी 2025 को रेल यात्रा के मंदिर यानी नई दिल्ली स्टेशन पर अकस्मात मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। तब ये लोग महाकुंभ जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। वहीं, 29 जनवरी 2025 को महाकुंभ 'अमृत स्नान' में भाग लेने के लिए लाखों लोगों की भीड़ जुटने के बाद संगम नोज क्षेत्र में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 अन्य घायल हो गए। इससे पहले गत 8 जनवरी 2025 को तिरुमाला हिल्स स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के टिकट के लिए हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालु मारे गए, जबकि दर्जनों घायल हो गए। अब बात करते हैं बीते वर्ष हुई भगदड़ सम्बन्धी घटनाओं की। गत 2 जुलाई 2024 को यूपी के हाथरस में स्वयंभू दलित बाबा समझे जाने वाले भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के सत्संग में भगदड़ से 100 से अधिक मौतें हुईं। इससे एक साल पहले यानी 31 मार्च 2023 को इंदौर में एक मंदिर में रामनवमी पर आयोजित हवन कार्यक्रम के दौरान प्राचीन 'बावड़ी' के ऊपर बनी स्लैब के ढहने से 36 लोगों की मौत हो गई। इससे एक वर्ष पूर्व यानी 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। इसी प्रकार एक दशक पहले यानी 14 जुलाई 2015 को आंध्रप्रदेश के राजमुंदरी में आयोजित 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन ही गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। वहीं, 3 अक्टूबर 2014 को दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोग मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए। वहीं, 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। यही वजह है कि उपर्युक्त तमाम जगहों के प्रबंधकों/ व्यवस्थापकों के साथ-साथ भक्ति या दीवानगी में बेलगाम होते जा रहे श्रद्धालुओं/ शुभचिंतकों, अनुगामियों की भूमिका पर सवाल दर सवाल उठ रहे हैं। यह जनपद प्रशासन और पुलिस प्रशासन की नाकामी का भी परिचायक है, क्योंकि देश के विभिन्न जिलों में ऐसी लोमहर्षक और हृदयविदारक घटनाएं ब्रेक के बाद होती रहती हैं, लेकिन हमारी केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और स्थानीय नगरीय निकायों/ग्रामीण निकायों के निर्देश पर सक्षम प्रशासन द्वारा या एनडीआरएफ की ओर से ऐसी कोई माकूल व्यवस्था नहीं की गई कि भीड़ बढ़ने के बाद उसपर हर हाल में काबू पाया जा सके। यदि ऐसा संभव होता है कि इन आकस्मिक मौतों और घायलों को होने वाली पीड़ा को टाला जा सकता है। इसलिए जहां तक मंशा देवी मंदिर पर घटी हालिया भगदड़ का सवाल है तो यह बेहद चिंता की बात है, क्योंकि देवभूमि उत्तराखंड का प्रवेशद्वार हरिद्वार को ही माना जाता है। इस अव्यवस्था से पर्यटकों की संख्या भी प्रभावित हो सकती है। यह ठीक है कि हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ में जो बच गए, वे खुद पर माता बड़ी कृपा मान रहे है। लेकिन जिन लोगों की जान इस अप्रत्याशित हादसे में चली गई, आखिर उनकी खता क्या रही होगी, इस पर भगवान भी मौन हैं और श्रद्धालुओं का जत्था स्तब्ध।ऐसे में प्रारब्ध की बात कहकर आखिर कबतक प्रबंधन सम्बन्धी व प्रशासनिक लापरवाहियों पर खामोश रहा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हरिद्वार में शिवालिक पहाड़ियों पर लगभग 500 फीट से अधिक ऊंचाई पर मनसा देवी मंदिर स्थित है, जहां की सीढ़ियां भी खड़ी चढ़ाई वाली हैं। दरअसल, कांवड़ यात्रा के कारण बंद हुए रास्ते भी रविवार को खुल गए थे, जिससे मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई। सीढ़ियां भी छोटी हैं, जहां बरसात में फिसलन होती है। इस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि मंदिर परिसर में सुबह की आरती के समय भीड़ के बीच अचानक धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। यहां भगदड़ से पहले का एक विडियो फुटेज भी सामने आया है। जिससे स्पष्ट होता है कि मंदिर जाने वाला पैदल मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरा है। भीड़ इतनी थी कि कि मनसा देवी जाने वाला पैदल मार्ग पर लोग एक-दूसरे से बुरी तरह चिपके हुए थे। इस तरह की स्थिति में तमाम लोग छोटे-छोटे बच्चों के साथ भी भीड़ में फंसे हुए दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि तभी अचानक किसी ने बिजली का तार टूटने की अफवाह फैला दी और इससे डरकर लोगों में भगदड़ मच गई। लोग भागने लगे और इस दौरान एक-दूसरे पर गिरने लगे। जो गिर गया, वह फिर उठ नहीं पा रहा था और उसके ऊपर से कितने ही लोग गुजर जा रहे थे। ऐसे में जो बच गए, उनमें से कई घायल है। भगदड़ की सूचना के बाद जब एबुलेंस पहुंची, तो कई घायल लोग प्रवेश द्वार पर लावारिस पड़े हुए थे। देवी को चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई चुनरियां हरिद्वार में पहाड़ी पर स्थित मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बिखरी पड़ी थी। प्रवेश द्वार पर ढेर सारे जूते-चप्पल भी लावारिस पड़े थे। इस घटना के तुरंत बाद एम्बुलेंस को बुलाया गया ताकि हताहतों को बचाया जा सके।

> *भीड़ इतनी थी कि कि मनसा देवी जाने वाला पैदल मार्ग पर लोग एक-दूसरे से बुरी तरह चिपके हुए थे। इस तरह की स्थिति में तमाम लोग छोटे-छोटे बच्चों के साथ भी भीड़ में फंसे हुए दिख रहे हैं।*

# 12 हजार नौकरियों में कटौती कर रही है टीसीएस , क्या एआई छीनने लगा है रोजगार या स्किल गेप है असली चुनौती?

(नीरज कुमार दुबे )

हम आपको बता दें कि टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 6,13,069 थी। टीसीएस ने एक बयान में कहा है कि यह कदम कंपनी की भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। टीसीएस ने हाल ही में अपने वैश्विक कार्यबल में लगभग 2त्न (करीब 12,000-12,261) कर्मचारी निकालने की घोषणा की है, जो मध्य और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को अधिक प्रभावित करेगी। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में इसे एआई चालित तकनीकी बदलावों का नतीजा बताया जा रहा है, लेकिन कंपनी के सीईओ ने स्पष्ट किया है कि यह मूलतः स्किल मिसमैच -की वजह से किया जा रहा है, न कि सीधे एआई द्वारा ऑटोमेशन की वजह से। हम आपको बता दें कि टीसीएस के सीईओ ने कहा है कि यह एआई की वजह से नहीं है बल्कि यह कर्मचारी की स्किल्स और कंपनी की डिमांड के बीच असंगति की वजह से है। हम आपको बता दें कि टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 6,13,069 थी। टीसीएस ने एक बयान में कहा है कि यह कदम कंपनी की भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत नई तकनीक के क्षेत्रों में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहकों और स्वयं के लिए बड़े पैमाने पर एआई का उपयोग, साझेदारियों को मजबूत करना, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का निर्माण और अपने कार्यबल मॉडल को पुनर्गठित करने पर ध्यान दिया जाएगा। कंपनी ने कहा, इस यात्रा के एक भाग के रूप में, हम संगठन से उन सहयोगियों को भी हटाएंगे जिनकी तैनाती संभव नहीं हो सकती है। इसका प्रभाव हमारे वैश्विक कार्यबल के लगभग दो प्रतिशत पर पड़ेगा। इसमें मुख्य रूप से मध्यम और वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारी होंगे। हालांकि टीसीएस ने प्रभावित कर्मचारियों को उचित लाभ, क्षतिपूर्ति, परामर्श और सहायता देने का आश्वासन दिया है लेकिन बड़े पैमाने पर होने वाली इस छंटनी ने बाजार में हलचल मचा दी है। यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या एआई नौकरियां छीन रहा है? इसके बारे में विश्लेषकों की राय है कि एआई लेड डिसरुपेशन और बदलती बिजनेस डिमांड के चलते एआई कंपनियों को अपनी संरचना बदलनी पड़ रही है। इसलिए, सीधे एआई के कारण नौकरी चली गई, ऐसा कहना ठीक नहीं होगा; बल्कि यह टेक्नोलॉजी परिवर्तन, मांग में गिरावट और स्किलिंग की कमी का मिश्रित परिणाम है। बहरहाल, देखा जाये तोएआई कार्यक्षेत्र को तेजी से बदल रहा है। यह एक दोधारी तलवार है। जो कर्मचारी नए कौशल सीखेंगे और द्व को अपनाएंगे, उनके लिए नए अवसर हैं। जो कौशल-विकास में पीछे रहेंगे, वे नौकरी खोने के जोखिम में होंगे। भारतीय आईटी क्षेत्र में टीसीएस जैसी छंटनियाँ बताती हैं कि कौशल-अंतराल बड़ी चुनौती है। 2030 तक 80 प्रतिशत कार्यबल को डिजिटल रूप से सक्षम बनाना जरूरी है। एआई के दौर में नौकरी सुरक्षित रखने का एक ही मंत्र है सतत सीखें, बदलते कौशल को अपनाएँ और एआई को सहयोगी बनाएं, प्रतिस्पर्धी नहीं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5808

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5807

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5808



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत में 5 सितंबर इस दिवस के रूप में मनाया जाता है (6)
6. अवस्था, उम्र, जीवन अवस्था (2)
7. ऐसा कोई घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. परिपक्व होना, पूयित होना (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया जाता है, इंद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. स्मरणीय, याद रखने योग्य, स्मारक, अविस्मरणीय (4)
14. पृथ्वी की ऊपरी सतह (3)
15. पुरूष, मर्द (2)
16. अत्यंत दुबला पतला (4)
17. मुकदमा, अभियोग (2)
18. शरण देना, आश्रय देना (5)
22. अत्यंत प्राचीनकाल से चला आता (4)
23. यह हिमालय में एक पहाड़ी राज्य है जिसके उत्तर में चीन और दक्षिण में भारत है जिसकी राजधानी थिम्फू है (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. मादक पदार्थ, भांग को यह भी कहत है (4)
2. कुपोषण, नाश या नष्ट होना, तपेदिक, टी.बी (2)
3. दिनपति, सूर्य, सूरज, रवि (4)
4. विवाह के समय वधु का वर को अंगीकार करना, यदि ऐसा न होगा तो (3)
5. प्रतिध्वनि, फकीर की आवाज, फरियाद (2)
8. पुराणानुसार सात पातालों में से एक पाताल, कहते है प्रहलाद का निवास स्थान यहीं है (4)
9. उजरत, तनख्वाह, वेतन (3)
11. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
13. दन-दन शब्द करते हुए आना या दन-दन शब्द करना (5)
14. क्षुधा, भूख शब्द अपभ्रंश (2)
16. सटना, रिश्तें में कुछ होना (3)
17. लौटा हुआ या फिरता हुआ (3)
19. ताड़ित, पीटा हुआ, गुणा किया हुआ (2)
20. प्रदत्त या प्राप्त वस्तु (2)
21. जिसका डील या कद छोटा हो, ठिगना (2)

## वर्ग पहेली 5807 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्वे | न | | भा | र | त | | ब |
| श | ह | ना | ई | | ल | ल | क |
| ल | ला | ट | | सु | ब | क | ना |
| | ना | क | र | ना | | वा | |
| मे | | | त | री | का | | सु |
| घ | न | क | ना | | नू | त | न |
| दू | र | | र | ह | न | | ना |
| त | म | क | | म | न | स्वी | |

# आज का राशिफल

### मेष

आज उन्नति के संयोग बन रहे हैं। जीवनसाथी से आर्थिक मामलों में सक्रिय सहयोग मिलेगा। परिवार में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट या इंश्योरेंस पॉलिसी पर चर्चा हो सकती है। अनपेक्षित खर्चे, विशेषकर बच्चों की शिक्षा, ऑनलाइन कोर्स या होम रिपेयर पर हो सकते हैं। बिजनस में कोई पुराना सहयोगी दोबारा संपर्क कर सकता है, जिससे नई योजना को गति मिल सकती है। सरकारी टेंडर, टैक्स क्लियरेंस या सब्सिडी से जुड़े कार्यों में सफलता संभव है।

### वृष

आज कार्यक्षेत्र में उन्नति के मजबूत योग हैं। किसी सरकारी अफसर, राजनीतिक जान-पहचान या पुराने निवेशक से मिलने वाला सहयोग आपके कारोबार का विस्तार कर सकता है। फंडिंग या व्यापारिक ऋण के लिए अप्लाई करना फलदायी रहेगा। शेयर मार्केट में सावधानी से किया गया छोटा निवेश लाभकारी रहेगा। फार्मिंग, मेटल्स, कंस्ट्रक्शन और इम्पोर्ट सेक्टर से जुड़े व्यवसाय में अचानक लाभ की संभावना है।

### मिथुन

आज सावधानी के साथ काम करने की सलाह है। महत्वपूर्ण फाइनेंशियल डॉक्युमेंट्स और मोबाइल या ई-वॉलेट की सुरक्षा सुनिश्चित करें। संतान की सफलता भविष्य में निवेश की दिशा तय कर सकती है। मीडिया, कंटेंट क्रिएशन, यूट्यूब, ब्लॉगिंग और कोचिंग क्लास जैसे क्षेत्रों में कार्यरत जातकों के लिए नई डील मिल सकती है। बैंकिंग सेक्टर से संबंधित कोई रुका हुआ क्लेम, जैसे बीमा राशि या कर्ज मंजूरी, संभव है।

### तुला

आज धन प्राप्ति के मामले में दिन अनुकूल है। पुराना निवेश जैसे पीपीएफ, एलआईसी या पोस्ट ऑफिस स्कीम से लाभ हो सकता है। व्यापार में कोई बड़ी पेमेंट क्लियर हो सकती है जिससे राहत मिलेगी। यदि आप आयात-निर्यात, स्टेशनरी, हेल्थकेयर या ऑनलाइन शॉपिंग बिजनस में हैं तो नए ग्राहक जुड़ेंगे। किसी मित्र या सलाहकार के साथ मिलकर नई पार्टनरशिप या ज्वाइंट वेंचर की योजना बन सकती है।

### वृश्चिक

आज उन्नति के योग बने हैं। अनचाहे खर्चों की संभावना है। विशेषकर हेल्थ और कानूनी मामलों में। ग्रहों की दशा थोड़ी मानसिक अस्थिरता और जल्दबाजी में गलत निर्णय की प्रवृत्ति ला सकता है। इस कारण निवेश से पहले सलाह अवश्य लें। यदि आप रिसर्च, आयुर्वेद, मेडिकल या साइंटिफिक क्षेत्र में कार्यरत हैं तो कोई नई उपलब्धि मिलेगी। बैंकिंग, टैक्सेशन और लाइसेंसिंग कार्य में प्रगति होगी।

### धनु

आज दिन अनुकूल है। गवर्नमेंट सेक्टर, ग्रांट्स या स्कॉलरशिप के जरिए धन प्राप्ति के योग हैं। यदि आप कोई जॉब स्विच की सोच रहे हैं तो उसके लिए उपयुक्त अवसर आ सकता है। करियर में नई दिशा मिलने के संकेत हैं, विशेषकर वो लोग जो विदेश से जुड़े कार्य कर रहे हैं। नेटवर्किंग, पब्लिक स्पीकिंग या कॉर्पोरेट प्रजेंटेशन से भी आय का स्रोत बन सकता है।

### कर्क

आज संपत्ति, वाहन, लोन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। यदि आप रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री या कैटरिंग से जुड़े हैं, तो किसी क्लाइंट से बड़ी डील फाइनल हो सकती है। चंद्रमा की शुभ स्थिति से माता-पिता की सहायता से कोई पारिवारिक निवेश योजना साकार हो सकती है। स्टॉक, म्यूचुअल फंड या फिक्स्ड इनकम प्लान में नई पॉलिसी लेना लाभदायक रहेगा।

### सिंह

आज भाग्य साथ दे रहा है। वाणी की मधुरता और नेटवर्किंग स्किल्स से बड़े कॉर्पोरेट या सरकारी क्लाइंट्स से संपर्क बन सकता है। पत्रकारिता, शिक्षा, विज्ञापन और सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता या इंटरव्यू का बुलावा मिल सकता है। शेयर बाजार से जुड़ा निवेश करने की सोच रहे हैं तो एक्सपर्ट की सलाह लें। बिजली, सोलर, टेक्नोलॉजी और एप डेवलपमेंट से जुड़े कार्यों में निवेश लाभकारी रहेगा।

### कन्या

आज दिन तरक्की लेकर आएगा। नौकरी और व्यवसाय से जुड़ी बड़ी सफलता मिल सकती है। जिन लोगों ने सरकारी योजनाओं में निवेश किया है, उन्हें रिटर्न मिलने का योग बन रहा है। टैक्स, ऑडिट, कानूनी फाइलिंग आदि में लंबित कार्य पूरे होंगे। पारिवारिक व्यवसाय में कोई नया अनुबंध मिल सकता है जिससे आमदनी बढ़ेगी। रियल एस्टेट में निवेश करना है तो शुभ समय है।

### मकर

आज भाग्य साथ दे रहा है। रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत मिलेंगे। बैंक लोन स्वीकृति, प्रॉपर्टी फाइनल या बकाया बिल की प्राप्ति जैसे कार्यों में प्रगति होगी। किसी स्टार्टअप या फैमिली बिजनस में पूंजी निवेश से आर्थिक वृद्धि संभव है। यदि आप खुदरा व्यापार में हैं तो कस्टमर बेस बढ़ेगा। फाइनेंशियल डॉक्युमेंट्स और करारों में पूर्ण स्पष्टता रखें। सॉफ्टवेयर, लॉजिस्टिक, एजुकेशन, फर्नीचर और ऑटोमोबाइल से जुड़े कारोबार को लाभ मिल सकता है।

### कुंभ

आज समझदारी से काम लेने की सलाह है। आर्थिक निर्णय लेते समय भ्रम की स्थिति से बचें। शनि की स्थिति अनावश्यक भ्रम, संशय या देरी करा सकती है। नौकरी या बिजनस में बदलाव की सोच रहे हैं तो रिसर्च और तैयारी में दिन बिताएं। हेल्थ पर खर्च संभव है, इसलिए इंश्योरेंस या हेल्थ प्लानिंग पर ध्यान दें। क्रिप्टो, कमोडिटी या डे ट्रेडिंग से पूरी तरह बचें। बैंकिंग कार्यों, इंश्योरेंस क्लेम और

### मीन

आज निवेश से लाभ के विशेष योग हैं। विशेषकर पारंपरिक योजनाएं जैसे म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट, गोल्ड या पीपीएफ धन वृद्धि करेंगी। धार्मिक या परोपकारी कार्यों में खर्च बढ़ेगा, लेकिन उससे आपको सामाजिक मान भी मिलेगा। पुराने संपर्कों से दोबारा व्यापार या क्लाइंट के रूप में जुड़ने के संकेत हैं। बच्चों की शिक्षा, प्रतियोगिता या विवाह से जुड़े खर्चों की योजना बन सकती है।

## खबर-खास

# जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पाण्डेय (IPS) द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**जांजगीर-चांपा ( गंगा प्रकाश ) :-** प्रशस्ति पत्र वितरण दौरान DSP अजाक श्री जितेंद्र खूंटे, CSP श्रीमती कविता ठाकुर, SDOP चांपा श्री यदुमणि सिदार, DSP (मुख्यालय) जांजगीर श्री विजय पैकरा, SDOP प्रदीप कुमार सोरी एवं रीडर 1 ASI अश्वनी राठौर उपस्थित रहे। उत्कृष्ट पुलिसकर्मी पुरस्कार प्रत्येक माह की 1 तारीख को माह भर में अच्छे एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को दिया जाता हैं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ उनकी सेवा पुस्तिका में प्रशंसा भी अंकित की गई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का नाम

01. निरीक्षक लालन पटेल यातायात द्वारा यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरुकता कर उल्लेखनीय कार्य
2. उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ एवं
3.ऽस्ढ संतोष बंजारे द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अलग अलग जगहों से कुल 11 अपहृत/गुम नाबालिक को सुरक्षार्थ दस्तयाब करने। 4. उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू थाना अकलतरा द्वारा चोरी के प्रकरण में आरोपी को पकड़कर त्वरित गिरफ्तार करने। 5. प्रधान आरक्षक रेमन सिंह थाना सारागांव द्वारा अपहृता नाबालिक बालिका को हैदराबाद से सकुशल बरामद कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करने। 6. प्रधान आरक्षक राजकुमार कुमार चंद्रा थाना जांजगीर द्वारा मंदिर की दान पेटी के चोरी के मामले में आरोपियों को पकड़ने में सराहनी योगदान। ।. प्रधान आरक्षक अनुराग सिंह यातायात द्वारा यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम में सराहनीय योगदान 8. महिला प्रधान आरक्षक बालमती यादव थाना मुलमुला एवं 9. महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर थाना नवागढ़ दोनो के द्वारा अपहृत एवं गुम बालिका को बरामद करने में सराहनीय योगदान 10. आरक्षक जयप्रकाश एवं 11. गौकरण राय थाना अकलतरा दोनो के द्वारा चोरी के प्रकरण के आरोपियों को पकड़ने में योगदान 12. आरक्षक सुरेश रत्नाकर एवं 13. अजय भानु थाना जांजगीर दोनो के द्वारा सक्रियता से रात्रि गस्त करने से चोर के मोटर सायकल को पकड़ना जिससे आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफ्लता मिलना 14. आरक्षक दीपक तिवारी थाना बिर्रा द्वारा दो अपहृत नाबालिक बालिका को रायपुर से सकुशल बरामद कराने में सराहनीय योगदान 15. आरक्षक लखेश विश्वकर्मा थाना पामगढ़ द्वारा थाने का रिकॉर्ड संधारण करना।

# विष्णु देव सरकार का महत्वकांक्षी योजना राम लला दर्शन - दुबेलाल साहू



**बागबाहरा( गंगा प्रकाश )** / भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के भाजपा सरकार के आदरणीय श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री जी की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना राम लला दर्शन योजना है, जिसमें श्रद्धालुओ को संभाग स्तर पर प्रभु राम लला जी के दर्शन हेतु उनके जन्मस्थली अयोध्या ले जाया जाता हैं. योजना के तहत ब्लाक स्तर से बस के साधन से रायपुर रेलवे स्टेशन तक पहुँचाया जाता है जहाँ पर श्रद्धालुओं का फूल-माला एवं ढ़ोल -बाजा के साथ भव्य स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की जाती है. तत्पश्चात आदरणीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भाजपा नेताओं के उपस्तिथि में ट्रेन को हरा झंडा दिखा कर रवाना करते हैं. उक्त धार्मिक यात्रा के द्वितीय दिवस में वाराणसी पहुंचने पर रेलवे स्टेशन में बाजा-गाजा के साथ सभी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत होता है. सभी श्रद्धालुओं के लिए बस, आवास, रिक्शा आदि का व्यवस्था बहुत ही अच्छा रहता है. ट्रेन में भी समय पर चाय-नाश्ता एवं स्वादिष्ट भोजन का बहुत ही अच्छा व्यवस्था किया जाता है. वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ एवं मणिकर्णिका घाट दर्शन होता है, फ्रि अयोध्या पहुंचने पर भगवान श्री राम लला जी का दर्शन, हनुमानगढ़ी, दशरथ भवन, कनक भवन, सरजू नदी महाआरती एवं दर्शन का शुभ अवसर प्राप्त होता है. यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के लिए छाता-टोपी की व्यवस्था, सभी को भगवान जी का प्रतिमा भेंट किया जाता है. उन्होंने बताया कि यह भाजपा सरकार की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है, जिसमें बागबाहरा ब्लाक से तीर्थ यात्रियों में दुबे लाल साहू, हीरा देवी साहू, राजकुमार पटेल, किरण यदु, दीक्षा पटेल, प्रकाश पटेल, ईश्वरी साहू, मिलेश कुमार साहू, पुखन लाल, जीवनलाल पटेल, संतराम पटेल, रीना रॉय, विश्वजीत रॉय, सोनाली रॉय, सरजा बाई, रूपसिंग ध्रुव, द्रोपती दिवान, रूखमणि चंद्राकर, आसोबाई देवांगन, पुन्नी बाई सहित सभी श्रद्धालु दर्शनार्थियों ने भाजपा सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किए हैं।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को, जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों में 6423 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा ( गंगा प्रकाश ) :-** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त 2025 रविवार को आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 6423 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में घड़ी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सपना देखने वालों के लिए यह प्रतियोगिता एक मजबूत आधार

# महासमुंद से भिलाई रवाना हुई बॉल बैडमिंटन की होनहार टीम, जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने दीं शुभकामनाएं



**महासमुंद/भिलाई ( गंगा प्रकाश )।** खेल प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आई 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 की धमाकेदार शुरुआत 1 अगस्त से भिलाई में होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की सब-जूनियर बालक एवं बालिका टीम भी पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लेने के लिए रवाना हो चुकी है। इस मौके पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने पहुंचे महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री येतराम साहू ने कहा कि खेलकूद सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और उज्जवल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सपना देखने वालों के लिए यह प्रतियोगिता एक मजबूत आधार है।

**कौन-कौन हैं टीम में शामिल ?-** महासमुंद जिले से कुल 20 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इनमें बालिका वर्ग से: गीताजंली साहू, सविता जोशी, महेश्वरी चंद्राकर, आकांक्षा कोसरे, डाली चंद्राकर, भूमि ध्रुव, ललीमा यादव, मोनिका निषाद, मानिका जगत वहीं बालक वर्ग से: सागर चंद्राकर, ढालेंद्र यादव, जीतू ध्रुव, मुकेश निषाद, भूपेंद्र पटेल, पुष्पेंद्र साहू, तारेंद्र निर्मलकर, सुमित साहू, उवल चंद्राकर, टिकेश्वर साहू शामिल हैं। टीम के साथ प्रशिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, यशवर्धन कहार, मैनेजर ओम प्रकाश ध्रुव और वर्षा कोसरे भी उपस्थित हैं।

**खिलाड़ियों के लिए उत्साह और प्रोत्साहन की बौछार-** इस अवसर पर जिला हॉकी संघ अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, सरपंच बेमचा देवेंद्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, मनोज धृतलहरे, जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष पंकज चंद्राकर, राज्य बाल बैडमिंटन संघ सह सचिव तन्मय लुनिया, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी (व्यायाम शिक्षक), एवं विनोद कुमार वर्मा (शिक्षक, बेमचा) ने भी टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बेमचा जैसे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं राज्य स्तर पर नाम रोशन कर रही हैं, यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।

**खिलाड़ियों को मिला खेल किट और आर्थिक सहयोग-** राज्य बाल बैडमिंटन संघ के सह सचिव तन्मय लुनिया द्वारा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता हेतु खेल किट उपलब्ध कराया गया, जिसका वितरण मंचासीन अतिथियों के हाथों हुआ। साथ ही आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया जिससे खिलाड़ियों को और अधिक प्रोत्साहन मिला।

**बेमचा बना ग्रामीण खेल प्रतिभाओं का केंद्र-** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी मनोज धृतलहरे ने जानकारी दी कि बेमचा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना के तहत अभ्यास केंद्र के रूप में कार्यरत है, जहां शासन द्वारा हॉकी और बॉल बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

**उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत:-**

5 करोड़ की लागत से मल्टीपरपज हॉल निर्माण का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है।

रजिस्ट्रार फर्म/सोसायटी से पंजीकृत खेलों को राज्य, जिला, विकासखंड व ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता आयोजन के लिए क्रमशः ?2 लाख, ?1 लाख, ?50 हजार व ?25 हजार तक की सहायता का प्रावधान है।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को अधिकतम ?3 लाख तक की सहायता और खेल वृत्ति का भी प्रावधान है।

**हॉकी के लिए भी जिले में व्यापक काम-** जिला प्रशासन द्वारा खनिज न्यास मद से हॉकी खेल सामग्री की आपूर्ति की गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। साथ ही बेमचा में हॉकी मैदान निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है।

## खेलों से बनेगा भविष्य

जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि जिले की हर खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महासमुंद के खिलाड़ी ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी जिले का परचम लहराएंगे।

खिलाड़ियों की रवानगी के मौके पर समूह चित्र भी लिया गया जिसमें सभी अधिकारी, प्रशिक्षक, प्रबंधन एवं खिलाड़ी उत्साहि नजर आए। - खिलाड़ी सिर्फ जीतने नहीं निकलते, वो मेहनत, आत्मविश्वास और समर्पण की कहानी बनकर लौटते हैं।

# जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं



## राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु जिले की टीम भिलाई रवाना

**महासमुंद ( गंगा प्रकाश ) /25वीं** छत्तीसगढ़ सब जूनियर बॉलबैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 बालक एवं बालिका का आयोजन 1 से 3 अगस्त 2025 तक भिलाई में आयोजित किया गया हैं, जिसमें महासमुंद जिले की सब जूनियर बालक एवं बालिका टीम शामिल होने आज रवाना हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेमचा महासमुंद के 20 खिलाड़ियों में गीताजंली साहू, सविता जोशी, महेश्वरी चंद्राकर, आकांक्षा कोसरे, डाली चंद्राकर, भूमि ध्रुव, टिकेश्वर यादव, ललीमा यादव, मोनिका निषाद, मानिका जगत एवं बालक टीम में सागर चंद्राकर, ढालेंद्र यादव, जीतू ध्रुव, मुकेश निषाद, भूपेंद्र पटेल, पुष्पेंद्र साहू, तारेंद्र निर्मलकर, सुमित साहू, उज्जवल चंद्राकर, टिकेश्वर साहू व प्रशिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, यशवर्धन कहार तथा मैनेजर ओम प्रकाश ध्रुव, वर्षा कोसरे शामिल हैं। खिलाड़ियों को हॉकी एवं बॉल बैडमिंटन में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ उनको प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देने येतराम साहू जिला अध्यक्ष महासमुंद एवं जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड, राहुल चंद्राकर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच बेमचा आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष, मनोज धृतलहरे, पंकज चंद्राकर अध्यक्ष जिला एथलेटिक संघ, तन्मय लुनिया, अंकित लुनिया सह सचिव राज्य बाल बैडमिंटन संघ छत्तीसगढ़, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी व्यायाम शिक्षक बेमचा, विनोद कुमार वर्मा शिक्षक बेमचा ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद एक अच्छा प्लेटफार्म है, खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का जिसके माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तथा ओलंपिक में भी पदक जीतकर अपना और अपने पूरे परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं साथ ही साथ विभिन्न पदों पर भी आ सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलकूद की सारी जरूरतो को पूरा करने की कोशिश करेंगे जिससे वे आगे बढ़ सके। तन्मय लूनिया द्वारा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता हेतु खेल कीट सहयोग प्रदाय किया जिसे अतिथियों द्वारा वितरण कर आर्थिक सहयोग किया गया। खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि बेमचा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत संचालित अभ्यास केंद्र हैं, जिसे शासन की योजनान्तर्गत खेल सामग्री हॉकी, बॉल बैडमिंटन प्रदाय किया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी गई, जिसमें योजना अंतर्गत 05 करोड़ लागत से मल्टीपरपज हॉल निर्माण हेतु बजट में शामिल होने प्रस्ताव भेजा गया है। योजना अंतर्गत शामिल खेलों को जो रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी से पंजीकृत हैं उन्हें अखिल भारतीय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु 02 लाख, जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु 1 लाख, विकासखंड स्तरीय हेतु 50 हजार, ग्राम पंचायत स्तर हेतु 25 हज़ार नियमानुसार देने का प्रावधान है। पंजीकृत खेलों को खेल सामग्री हेतु आर्थिक सहायता 25 हज़ार देने के प्रावधान हैं। योजना में शामिल खेलों में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अधिकतम 3 लाख रुपए देने के प्रावधान है। प्रतिभा खोज अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल वृत्ति देने के प्रावधान निहित है ग्रामीण क्षेत्र में हॉकी खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खेल विभाग द्वारा खनिज मद से हॉकी खेल सामग्री प्रदाय किया गया है जिसके माध्यम से खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करते हैं। शासन द्वारा जिला हॉकी संघ महासमुंद को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु राशि 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। बेमचा में हॉकी खेल मैदान निर्माण हेतु कार्य किया जा रहा हैं।

# जिले में बिना लाइसेंस दवा रखने पर छापा, औषधियां जब्त




## औषधि अनुज्ञप्ति के बिना दवा भंडारण ङ्क बेमेतरा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले में अवैध औषधि कारोबार पर नियंत्रण एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, बेमेतरा द्वारा सतत निरीक्षण एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 31 जुलाई 2025 को जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम एरमशाही, पोस्ट घुरसेना, तहसील नांदघाट में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

प्रशासन को प्राप्त एक गोपनीय शिकायत के आधार पर संबंधित स्थान पर जब जांच की गई तो वहां श्री देवेन्द्र पिता श्री गजाधर साहू द्वारा बिना किसी वैध औषधि अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के विभिन्न प्रकार की दवाइयों का भंडारण किया जा रहा था। यह संधारण औषधि अधिनियम 1940 का स्पष्ट उल्लंघन था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुँचकर विधिवत जांच की तथा बिना लाइसेंस के रखी गई समस्त औषधियों को जब्त किया। साथ ही निर्धारित प्रक्रिया अनुसार औषधियों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार जब्त की गई दवाइयों की बाजार कीमत लगभग ?16,88।/- आंकी गई है।

यह कार्रवाई औषधि निरीक्षक श्रीमती श्रुति लकड़ा एवं श्री धनीराम पटेल के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा की गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुज्ञप्ति के औषधियों का क्रय-विक्रय एवं भंडारण न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के समस्त औषधि व्यवसायियों एवं आम जनता से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही औषधियों की खरीद करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल विभाग को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि आगे भी औषधि एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर इसी प्रकार निरीक्षण जारी रहेंगे और उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम कोटनपाली में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन



**बागबाहरा ( गंगा प्रकाश )** /खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटनपाली में आयोजित रामायण महोत्सव छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार के चित्र की पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन स्थल पर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति की भावना व्याप्त रही।

इस रामायण महोत्सव में महासमुंद जिले सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों से आई रामायण मंडलियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत रामायण गायन ने जनमानस को भाव-विभोर कर दिया।

**हे राम तुम्हारा चरित्र स्वयं काव्य है ङ्क द्वारकाधीश यादव-** विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मंच से उपस्थित श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए कहा किङ्क हे राम तुम्हारा चरित्र तो स्वयं काव्य हैकोई कभी बन जाए यह सहज संभाव्य है। श्री यादव ने कहा कि भगवान राम के जीवन चरित्र पर आधारित यह रामचरितमानस मानव समाज के लिए एक आचार संहिता है। रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह मानव जीवन के लिए एक दिशा-निर्देशक ग्रंथ है। भगवान श्रीराम के चरित्र में एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श राजा एवं सबसे बढ़कर एक आदर्श मानव के गुण समाहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि ङ्कआज के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में यदि कोई सबसे अधिक प्रासंगिक ग्रंथ है, तो वह है गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस। इससे हमें सच्चरित्रता, संयम, सहनशीलता, कर्तव्यपरायणता एवं सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा मिलती है। विधायक यादव ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे रामायण के मूल्यों को जीवन में अपनाएं, ताकि वे एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीराम केवल एक राजा नहीं थे, वे लोकनायक थे, जिन्होंने त्याग और कर्तव्य का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह युगों-युगों तक मानवता का पथ प्रशस्त करता रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुजन, एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस धार्मिक आयोजन को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से गौरवान्वित किया।



# केएल राहुल को मिलेगी कप्तानी

- 25 करोड़ रुपये भी मिलेंगे?
- भारत-इंग्लैंड सीरीज के बीच आई चौंकाने वाली खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल का बल्ला इंग्लैंड में जमकर रन उगल रहा है वो सीरीज में दो शतक लगा चुके हैं और इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जो सच में चौंकाने वाली है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल सकते हैं. ऐसा बताया जा रहा है कि केकेआर की टीम उन्हें हर हाल में ट्रेड के जरिए अपने स्क्वाड में चाहती है. केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने 13 पारियों में 539 रन बनाए थे. केएल राहुल को केकेआर इसलिए खरीदने के मूड में दिख रही है क्योंकि उसे एक कप्तान की जरूरत है. पिछले सीजन उसका नेतृत्व अजिंक्य रहाणे ने किया था, टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई और उसका प्रदर्शन खराब रहा लेकिन अब केकेआर बड़े बदलाव के मूड में है. इसलिए वो केएल राहुल को टीम में लाकर उसे कप्तान बनाना चाहती है. मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक हैं कि केएल राहुल के लिए केकेआर 25 करोड़ रुपये तक खर्च करने को तैयार है.केएल राहुल सिर्फ अच्छे बल्लेबाज ही नहीं, वो कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका भी निभा सकते हैं ऐसे में केकेआर उनके लिए इतनी बड़ी रकम देने को भी तैयार बताई जा रही है.

## केकेआर ने पैरों पर मारी कुल्हाड़ी?

केकेआर ने आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले अपने पैरों में कुल्हाड़ी मार ली थी. दरअसल उसने टीम को तीसरा आईपीएल जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को ही रिटेन नहीं किया नतीजा ये खिलाड़ी पंजाब किंग्स का कप्तान बन गया. अय्यर के जाने से केकेआर को बड़ा नुकसान हुआ. सबसे पहले उसका कप्तान बदला जिसके बाद टीम का खेलने का तरीका भी बदल गया. टीम 14 में से 5 ही मैच जीत पाई.

अब आईपीएल 2026 से पहले उसने हेड कोच चंद्रकांत पंडित को भी हटा दिया है. कभी इस टीम की गेंदबाजी यूनिट को मजबूत बनाने वाले भरत अरुण भी लखनऊ का हाथ थाम चुके हैं. अब केकेआर किसी तरह केएल राहुल को टीम में लाकर अपनी टीम का बैलेंस बनाने की तैयारी में है. सवाल ये है कि क्या दिल्ली कैपिटल्स केएल राहुल को रिलीज करेगी, फिलहाल इसका जवाब शायद ना ही होगा.



मालामाल हुआ इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड

# 11334 करोड़ रुपये...काव्या मारन की टीम का दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का दबदबा पूरी दुनिया में है. इस लीग में खेलने के लिए हर खिलाड़ी बेताब रहता है. दुनिया की सबसे महंगी इस लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों का दायरा अब धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इन टीमों के ओनर अब दूसरे देशों के टी20 लीग में निवेश कर रहे हैं. इससे उन देशों के बोर्ड को भी करोड़ों की कमाई हो रही है. इसी कड़ी में इंग्लैंड की एक लीग में आईपीएल की चार टीमों के ओर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दी है.



इस निवेश स ईसीबी को 11334 करोड़ रुपये की कमाई भी हुई है. इस दौरान काव्या मारन की टीम का इंग्लैंड में जलवा दिखाई देगा. इंग्लैंड की लीग 'द हंड्रेड' में आईपीएलके चार टीमों के ओनर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी देते हुए ईसीबी ने बताया कि निवेश करने वालों में भारत की जीएमआर (दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर), सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर), आरपीएसजी समूह (लखनऊ सुपर जायंट्स के ओनर) और रिलायंस समूह (मुंबई इंडियंस के ओनर) शामिल हैं. ईसीबी ने बताया कि इससे उन्हें 975 मिलियन पाउंड (करीब 11 हजार 3 सौ 34 करोड़ रुपये) की कमाई हुई है. इंग्लैंड बोर्ड ने बताया कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी.

इससे पहले मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर साउथ अफ्रीका की टी20 लीग की टीमों को खरीद चुके हैं. द हड्रेड लीग में इन सभी को अक्टूबर से संचालन का हक मिल जाएगा.

## काव्या मारन ने इस टीम को खरीदा

इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की सन टीवी नेटवर्क ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स टीम को खरीद लिया है, उन्होंने 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है. इससे पहलेओनर ने साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली टी-20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की टीम को खरीदा था. इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स टीम के को-ओनर जीएमआर ग्रुप को द हंड्रेड की टीम सदर्न ब्रेव में 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली है, वहीं मुंबई इंडियंस के ओनर मुकेश अंबानी की रिलायंस ग्रुप को ओवल इनविंसिबल्स टीम की 49 हिस्सेदारी मिलेगी, जिसको लेकर जल्द ही ऐलान किया जाएगा. द हंड्रेड लीग की शुरुआत 5 अगस्त से लॉर्ड्स के मैदान में होने जा रही है.



# युजवेंद्र चहल ने इंग्लैंड में मचाया कहर

**काउंटी चैंपियनशिप में डर्बीशायर के खिलाफ चटकाए 6 विकेट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की राह देख रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल ने काउंटी चैम्पियनशप में शानदार गेंदबाजी की. नॉर्थहैम्पटनशायर के लिए खेलते हुए उन्होंने डर्बीशायर के खिलाफ 5 विकेट हॉल किया. ब्लेयर टिकनर का विकेट लेकर उन्होंने पारी में अपना छठा विकेट हासिल किया. उन्होंने इस पारी में सबसे अधिक ओवर (33.2) भी डाले. नॉर्थम्प्टन में खेले जा रहे इस मैच में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. हैरी केम (17) के रूप में युजवेंद्र चहल ने अपना पहला विकेट लिया, उन्होंने केम को एलबीडबल्यू आउट किया. इसके बाद उन्होंने सलामी बल्लेबाज लुइस रीस (39) के रूप में ब?ा विकेट चटकाया. लुइस कैच आउट हुए. चहल ने बेन एचिसन को आउट कर पारी में 5 विकेट हॉल किया. एचिसन 45 रन बना चुके थे, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे तब भारतीय स्पिनर ने उन्हें बोल्ड किया. पारी का आखिरी और अपना छठा विकेट चहल ने ब्लेयर टिकनर का लिया. चहल ने पारी में सबसे अधिक 33.2 ओवर डाले, इसमें उन्होंने 3.54 की इकॉनमी से 118 रन दिए.

# नागपुर लौटीं विश्व महिला शतरंज चैंपियन दिव्या, परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय



**नागपुर, एजेंसी।** फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 जीतकर दिव्या ने इतिहास रच दिया है। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। खिताब जीतने के बाद दिव्या बुधवार रात अपने गृह नगर नागपुर लौटीं, जहां एयरपोर्ट पर उनके परिवार और प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 चैंपियन दिव्या देशमुख बुधवार को अपने गृह नगर नागपुर लौटीं। नागपुर लौटने पर उन्होंने अपनी बड़ी जीत का श्रेय अपने परिवार और पहले कोच राहुल जोशी को दिया। नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके परिवार के साथ-साथ प्रशंसक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। महाराष्ट्र शतरंज संघ के अध्यक्ष परिणय फुके भी इस मौके पर मौजूद रहे। 19 वर्षीय दिव्या ने सोमवार को महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी शहर में खेले गए ऑल-इंडियन फाइनल में अनुभवि कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर मुकाबले में हराया।

**मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई:** दिव्या देशमुख ने नागपुर पहुंचने पर कहा कि मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतनी भीड़ मेरा स्वागत करने के लिए यहां इक्ट्ठा हुई है। मैं बहुत खुश हूं।

**मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं:** दिव्या देशमुख ने अपनी जीत का श्रेय अपनी बहन, परिवार के सदस्यों और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया। उन्होंने कहा, मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं, मैं इस जीत का श्रेय उन्हें देती हूं।

**दिव्या के परिवार के सदस्यों ने उपलब्धि की सराहना की :** दिव्या देशमुख के परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्होंने परिवार, नागपुर, महाराष्ट्र और भारत को गौरवान्वित किया है। इस चैंपियन खिलाड़ी की चाची स्मिता देशमुख ने पत्रकारों से कहा, हम बहुत खुश हैं कि दिव्या ने हमारे परिवार, नागपुर और भारत को गौरवान्वित किया है। भारत ने इतने वर्षों बाद यह महिला शतरंज विश्व कप जीता है।

## दो अगस्त को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे सम्मानित

किशोरावस्था की चैंपियन दिव्या ने कहा कि ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले वह कुछ दिन आराम करेंगी। दिव्या को दो अगस्त को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री व नागपुर सांसद नितिन गडकरी सम्मानित करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 भारतीय टीम घोषित

**वैभव सूर्यवंशी को भी फिर से मिली जगह; सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक



शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था। 21 सिंतबर को खेला जाएगा पहला वनडे इंडिया अंडर 19 बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच पहला वनडे मैच रविवार (21 सितंबर) को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी।

सीरीज का पहला चार दिनी टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। तीनों वनडे नॉर्थेम्प्टनशॉयर में खेला जाएगा जबकि पहला टेस्ट भी इसी वेन्यू पर खेला जाएगा वहीं दूसरा टेस्ट मैक्के में आयोजित होगा।

# शौक ने ले ली जान! पाकिस्तान में 2 बार की ओलंपिक चैंपियन जर्मन खिलाड़ी की 18700 फीट से दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बता दें कि डाहलमीयर एक अनुभवी पर्वतारोही थीं। वह जून के अंत से उत्तरी पाकिस्तान क्षेत्र में थीं और पहले ही ग्रेट ट्रांगो टॉवर पर चढ़ चुकी थीं। उनके गिरने वाले क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मौसम काफी खराब चल रहा था, जिसमें बारिश, तेज हवाएं और घने बादल थे। बता दें कि पाकिस्तान के लैला पीक पर पर्वत चढ़ना सबसे मुश्किल माना जाता है। इसके टॉप पर



अभी तक सिर्फ सात पर्वतारोहियों ने ही सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। वहीं डाहलमीयर के करियर की बात करें तो उन्होंने अपने दोनों गोल्ड मेडल साउथ कोरिया के प्योंगचांग में 2018 शीतकालीन ओलंपिक में जीते थे। उन्होंने स्प्रिंट और परस्यूट इवेंट में गोल्ड मेडल जीते थे, जबकि उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता था। जर्मन एथलीट ने मई 2019 में संन्यास की घोषणा कर दी थी।

# ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह



मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है।

लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है। 128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी।

# शेल्टन ने टोरंटो ओपन में मन्नारिनो को हराया, हार्ड कोर्ट पर रुबलेव की 250वीं जीत

**टोरंटो, एजेंसी।** बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। चौथे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने एटीपी स्टैट्स के अनुसार अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत (28 में से 31) अंक जीते और जिन दो ब्रेक प्वॉइंट्स का सामना किया, उन्हें भी बचा लिया।

इसके साथ ही उन्होंने फ्रेंच खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी स्तर पर तीसरे आमने-सामने के मुकाबले में पहली जीत हासिल की। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब



शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया।

टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था।



# 'परम सुंदरी' की रिलीज डेट का ऐलान

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' का पहला गाना परदेसिया रिलीज हो गया है. यह एक लव सॉन्ग है, जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है. इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है. दोनों के रोमांस ने 'परम सुंदरी' फिल्म के लिए लोगों की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है. परदेसिया गाने को सोनू निगम और कृष्णकली साहा की अपनी मधुर आवाज से सजाया है जिससे इंटरनेट पर हलचल मच गई है. इस गाने को सचिन-जिगर की जोड़ी ने कंपोज किया है और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे है. इसके अलावा 'परम सुंदरी' के मेकर्स ने बुधवार को फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज कर बताया कि यह फिल्म कब सिनेमाघरों में रिलीज होगी. मैं डॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया गया है. पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक शर्ट, जींस और कंधे पर बैग के साथ हैंडसम लुक में नजर आ रहे हैं. वहीं, जाह्नवी कपूर एक पारंपरिक साड़ी में क्लासिकल डांस करती हुई दिखाई दे रही हैं।



# कुछ करो तो 'प्रोटेक्शन' जरूर यूज करना

## रोशनी वालिया ने बताया मां करती हैं कैसे खुलकर बातें

सन ऑफ सरदार 2 में सबा के रोल में दिख रहीं रोशनी वालिया बचपन में आपको कई सीरियल्स में दिख चुकी हैं। बालिका बधु में उन्होंने गंगा के बचपन का रोल किया था। देवों के देव महादेव में वह टीनेज सीता बनी थीं और महाराणा प्रताप में वह अजबदे पंवार के रोल में थीं। सबा 7 साल की थीं जब मुंबई आ गईं। उनको सिंगल मदर ने पाला है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी लाइफ के बारे में बात की। बताया कि वह अपनी मां के साथ काफी फ्रेंडली हैं। वह उनसे किसी भी तरह की बात कर सकती हैं। रोशनी हॉटरफ्लाई के द मेल फेमनिस्ट पॉडकास्ट में थीं। वह बता रही थीं कि उनकी मां ने कभी सख्ती नहीं बरती। रोशनी बोलीं, मैंने अपनी मम्मी से कभी झूठ नहीं बोला है। कभी किसी लड़के से मिलने जाना हो या घर बुलाना हो। मुझे लगता है कि स्ट्रिक्ट के बच्चे ज्यादा बिगड़े होते हैं। रोशनी ने बताया कि उनके दोस्त उनकी मम्मी के साथ बहुत एंजॉय करते हैं। यहां तक कि वे उन्हें आंटी नहीं बोलते बल्कि स्वीटी बुलाते हैं। रोशनी से पूछा गया कि क्या वह 3 ऐसे उदाहरण दें कि लोगों को यकीन ही न हो कि आपने अपनी मम्मी से बोली होंगी। इस पर रोशनी ने जवाब दिया,'मेरी मां ने हमेशा हमसे कहा कि प्रोटेक्शन यूज करो। अगर कुछ भी करती हो तो प्रोटेक्शन यूज करो। भारतीय घरों में ये अभी भी नई चीज है। मेरे से ज्यादा मेरी बड़ी बहन को बोला क्योंकि मैं तो तब भी छोटी थी, अब बड़ी हो रही हूं। उसको हमेशा बोला है।' रोशनी ने बताया कि उनकी मां ही उन्हें बोलती हैं कि वह घर पर बहुत रहती हैं, थोड़ा बाहर जाएं। मां बोलती हैं, 'बाहर जाओ, पार्टी करो, मजे करो। पूछती हैं, आज ड्रिंक करके नहीं आए? आज तुम लोग सोबर आए हो?' रोशनी ने बताया कि वह पंजाबी हैं तो ये कॉमन हैं। रोशनी ने बताया कि वह जो भी हैं अपनी मां की वजह से हैं। उन्होंने फोन दिलाने के लिए अपना सोना बेचा। रोशनी बताती हैं, वह बच्चों के लिए इलाहाबाद से मुंबई शिफ्ट हो गईं। इलाहाबाद के 1000 रुपये बॉम्बे के 100 रुपये के बराबर हैं। यहां खर्चे बहुत हैं।



# संजय कपूर की प्रॉपर्टी में कितना है करिश्मा कपूर के बच्चों का हिस्सा?

करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर का 12 जून को अचानक निधन हो गया था। बिजनेसमैन लंदन में पोलो खेल रहे थे जब उन्हें कथित तौर पर हार्ट अटैक आ गया। अब उनकी 30 हजार करोड़ की प्रॉपर्टी को लेकर खींचातानी चल रही है कि इसका असली हकदार कौन है और किसके हिस्से में कितना पैसा आएगा। संजय कपूर से करिश्मा के दो बच्चे कियान और समायरा हैं। इसके अलावा उनकी तीसरी पत्नी प्रिया सचदेवा से भी उन्हें एक बच्चा है। वहीं संजय कपूर की मां ने इसमें और मसाला जोड़ दिया है। दरअसल उन्होंने एक लेटर लिखा जिससे वसीयत में एक नया ट्विस्ट आ गया है। उनकी मां रानी कपूर ने सोना बीएलडब्ल्यू प्रसिजन फोर्जिंग्स के स्टेकहोल्डर्स को एक लेटर लिखा है जिसमें उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि बीते जून के महीने में उनके बेटे की अचानक मौत के बाद से उनपर दबाव बनाया जा रहा है और उनकी विरासत को हडड़पने की कोशिश की जा रही है।

अब परिवार के करीबी सूत्रों ने एक बार फिर यह बात स्पष्ट कर दी है कि करिश्मा का अपने पूर्व पति की संपत्ति के मामलों में कोई संलिप्तता या हिस्सेदारी नहीं है। पिछले काफी समय से इस तरह की बातें आ रही थीं कि करिश्मा भी अपने पूर्व पति की वसीयत में हिस्सा मांग रही हैं। लेकिन अब ये बात क्लियर हो गई है कि ऐसा कुछ भी नहीं है। सूत्रों ने आगे दावा किया कि करिश्मा का किसी भी संपत्ति से कोई संबंध नहीं है।

# दीपिका को कैंसर ट्रीटमेंट से हुआ अल्सर

बिग बॉस विनर और टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ की हाल ही में कैंसर सर्जरी हुई थी। दीपिका के फैंस को उनकी हेल्थ को लेकर काफी चिंता रहती है। फैंस को दीपिका और उनके पति शोएब इब्राहिम व्लॉग के जरिए दीपिका की हेल्थ का अपडेट देते रहते हैं। अब अपने लेटेस्ट व्लॉग में दीपिका ने बताया की सर्जरी वाले टांके ठीक हो गए हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि कैंसर ट्रीटमेंट की वजह से उन्हें अल्सर हो गए हैं। दीपिका के इस व्लॉग में उनके बेटे रुहान भी नजर आए। व्लॉग में दीपिका ने बताया कि उनके टांके भर गए हैं। उन्होंने कहा कि वो बेटे रुहान को अभी गोदी नहीं उठा पाती हैं, लेकिन अब रुहान उनकी गोद में बैठ कर सो पाता है। उन्होंने कहा कि ये सब पल उनके लिए काफी खास हैं। दीपिका ने कहा, ₹ये पल बहुत खास है। क्योंकि जब मुझे मेरी स्थिति के बारे में पता चला तो मैं सोचती थी कि ये पल वापस आएगा या नहीं और अगर आएगा तो कब। लेकन अब जब चीजें नॉर्मल हो रही हैं, मैं इन पलों की बहुत वैल्यू करती हूं।₹ दीपिका की इस वीडियो में बेटा रुहान अपनी मां की गोद में शांति से सोता नजर आया। वीडियो में देखने को मिला कि दीपिका और शोएब अपने बेटे को प्ल जोन में लेकर जाते हैं। दीपिका ने बताया कि उनकी तबीयत ठीक हो रही है और लाइफ वापस ट्रैक पर आ रही है। इसी वीडियो में दीपिका ने बताया कि ट्रीटमेंट की वजह उनके अल्सर हो गए हैं। वो उनके डील कर रही हैं। दीपिका अपनी सेहत का खास ख्याल रख रही हैं। वीडियो में वो गाड़ी में बैठकर घर से लाया लंच खाती नजर आईं।

बोलीं- 'अभी बेटे रुहान को उठा नहीं पाती लेकिन...'



# एक्शन थ्रिलर में धमाका करेंगे सनी देओल

बॉलीवुड में 'ढाई किलो के हाथ' वाले सनी देओल इन दिनों एक बार फिर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की है और अब खबर है कि वह जल्द ही फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की कंपनी एक्सल एंटरटेनमेंट के साथ एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करने जा रहे हैं. पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट एक हाई-कॉन्सेप्ट, बड़े बजट की एक्शन फिल्म होगी, जिसमें सनी देओल उसी दमदार अवतार में नजर आएंगे, जिसे दर्शक दशकों से पसंद करते आए हैं. रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सनी स्क्रिप्ट से काफी एक्साइटेड हैं और एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ यह उनका पहला प्रोजेक्ट होगा. यह फिल्म एक विजुअल ट्रीट साबित होगी, जिसमें भरपूर एक्शन और इमोशनल ड्रामा होगा. हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. सनी देओल हाल ही में रिलीज हुई एक्शन फिल्म 'जाट' में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ रणदीप हुड्डा भी थे. यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया. अब इसके सीक्वल की भी तैयारी चल रही है.

# सैयारा से पहले YRF ने कैंसिल की अहान पांडे की फिल्म

बॉलीवुड में हाल ही में धमाकेदार एंट्री करने वाले अहान पांडे इन दिनों हर जगह चर्चा में हैं. उनकी फिल्म सैयारा बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड तोड़ रही है. लेकिन अब इस सफलता के पीछे की एक इमोशनल कहानी सामने आई है. फिल्म के निर्देशक मोहित सूरी ने खुलासा किया है कि सैयारा से पहले अहान की एक और फिल्म YRF (यशराज फिल्म्स) के बैनर तले बनने वाली थी, लेकिन वह प्रोजेक्ट रद्द कर दिया गया. मोहित सूरी ने कोमल नाहटा को दिए इंटरव्यू में कहा, 'अहान YRF के साथ सात साल तक वर्कशॉप कर रहे थे. उन्हें एक भव्य फिल्म से लॉन्च किया जाना था, लेकिन फिर कोविड-19 की वजह से इंडस्ट्री में सब कुछ बदल गया और वो फिल्म पर पानी फिर गया.' उन्होंने बताया , रातोंरात, उसका (अहान पांडे) गर्व और 'गुरूर' टूट गया. वही, बच्चा जो सबको बता रहा था कि उसे YRF द्वारा लॉन्च किया जाएगा, लेकिन उसका दिल टूट गया. लोग उससे कहने लगे, 'तुम YRF द्वारा लॉन्च होने की डींग मार रहे थे, अब क्या?'

मोहित सूरी ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि कोरोना के बाद आदि सर (आदित्य चोपड़ा) ने उसे बुलाया और कहा कि उसकी प्रतिभा में उनका विश्वास एक भी प्रतिशत कम नहीं हुआ है, लेकिन अगर वह चाहे तो स्टूडियो के बाहर भी मौके तलाश सकता है. क्योंकि कोई गारंटी नहीं थी कि वो प्रोजेक्ट फिर बनेगा. लेकिन वो लेकिन बच्चा अड़ा रहा. अहान ने साफ कहा था- 'मैं सिर्फ YRF से ही लॉन्च होऊंगा.' और वही हुआ.



# सनी देओल ने फरहान अख्तर के साथ की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म की डील

सनी देओल ने गदर 2 और जाट जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से वापसी करअपने फैन को खुश कर दिया था। इन फिल्मों को ऑडियंस की तरफ से शानदार रिएक्शन मिला। अब एक्टर के पास कई बड़े बैनर की मोटे बजट की फिल्में हैं। एकाध की शूटिंग निपट गई है और आने वाले दिनों में थिएटर पर दस्तक दे सकती है। इस बीच एक्टर को लेकर एक तजा खबर समने आ रही है। बताया जा रहा है कि सनी देओल ने जिंदगी न मिलेगी दोबारा, डॉन जैसी फिल्में बनाने वाले फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी से अगली फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, ये सनी देओल स्टारर ये फिल्म एक्सेल जो फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस के साथ उनकी कोलैबोरेशन होगी। ये एक हाई-कॉन्सेप्ट एक्शन थ्रिलर मानी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक सनी देओल और मेकर्स पिछले कुछ समय से बातचीत कर रहे थे। अब ये डील फाइनल हो गई है। सनी को स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई है और वो इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

# भड़के अनुपमा के फैंस

आखिरकार वो समय आ चुका है जब सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी पर दस्तक दे दी है. सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने आते ही सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया. दादी से लेकर बेटियां तक हर कोई सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' अपने टीवी पर देख रहा है. हर कोई सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के आने से बहुत खुश है. हालांकि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का आना सीरियल अनुपमा के लिए सिरदर्द बन गया है.

सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के आते ही लोगों ने सीरियल अनुपमा के मेकर्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया है. वजह जानकर आपको भी सदमा लग जाएगा. सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पहले ही एपिसोड में तुलसी और मिहिर रोमांस करते दिखे. इस दौरान मिहिर ने बड़े ही प्यार से तुलसी को अपने गले लगाया.

जिसके बाद टीवी के इस कपल ने परिवार के साथ मिलकर शादी की सालगिरह मनाई. सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में मिहिर और तुलसी की तस्वीरें देखकर फैंस को एक बार फिर से अनुज और अनुपमा की याद आ गई है. लोग कह रहे हैं कि काश तुलसी और मिहिर की तरह वो दोबारा अनुज और अनुपमा को साथ रोमांस करते देख पाते.



# सोनम रघुवंशी की करतूतें अब होंगी सरेआम!

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड मामला आज भी देशभर में सुर्खियों में बना हुआ है. इस कांड के बाद कई लड़के शादी से कतराने लगे थे, इसका खौफ कई लड़कों पर देखने को मिला था, लेकिन अभी तक राजा रघुवंशी हत्याकांड का मामला सुलझ नहीं पाया है. हालांकि, अब इस पर एक फिल्म बनने जा रही हैं, जिसे लेकर एक बार फिर से यह मामला चर्चा में आ गया है. एक तरफ जहां राजा का परिवार अभी भी न्याय की लड़ाई लड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ अब इस हनीमून मर्डर मिस्ट्री पर फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसकी पुष्टि खुद राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने की है. राजा रघुवंशी की हत्या पर बनाई जा रही इस फिल्म का नाम 'हनीमून इन शिलांग है.' सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में राजा रघुवंशी की शादी और फिर हनीमून के दौरान हुई रहस्यमयी हत्या के बारे में दिखाया जाएगा. जिसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है. 'हनीमून इन शिलांग' के फर्स्ट लुक पोस्टर में घने जंगल के बीच 3 लोग नजर आ रहे हैं. वहीं इस पर डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और कास्टिंग डायरेक्टर के नाम लिखे हैं.




हनीमून इन शिलांग' का फर्स्ट लुक पोस्ट

**एसपी निम्बावत के डायरेक्शन में बनेगी फिल्म**

बता दें कि यह फिल्म डायरेक्टर एसपी निम्बावत बना रहे हैं, जिन्होंने पहले कबड्डी और एसपी चौधरी ताराचंद जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं. उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी राजा की शादी, हनीमून और मर्डर मिस्ट्री से जुड़ी तमाम कड़ियों को दिखाएगी. फिल्म की शूटिंग इंदौर और शिलांग में होगी. 80% सीन इंदौर में और 20% शिलांग में शूट किए जाएंगे. राजा रघुवंशी को अभी तक नहीं मिला न्याय गौरतलब है कि राजा रघुवंशी के हत्याकांड से पूरा देश सिहर उठा था. इस कांड को हुए करीब 3 महीने का समय हो चला है, लेकिन अब तक राजा रघुवंशी को न्याय नहीं मिला है और केस अदालत में विचाराधीन है. वहीं इस बीच अब फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है, ऐसे में फिल्म पर सवाल भी उठ सकते हैं.

# कहर ढा रही हैं आमना

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस आमना शरीफ (Aamna Sharif) भले ही लंबे समय से एक्टिंग की दुनिया से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए वह लगातार अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी हुई हैं. उनकी एक्टिविटी थमने का नाम नहीं लेती. इन दिनों वो अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट पर छाई हुई हैं, जहां उनकी खूबसूरती और फिटनेस देख सब हैरान हैं. 43 साल की उम्र में भी वो इतनी फिट और ग्लैमरस दिखती हैं कि बड़ी-बड़ी हसीनाएं भी उनके आगे फीकी पड़ जाती हैं. आमना शरीफ की नई तस्वीरें तो सोशल मीडिया पर बवाल काट रही हैं. दरअसल, इन दिनों आमना शरीफ इटली में छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं और वहीं से उन्होंने अपनी कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं. इन तस्वीरों में वो सफेद रंग के वनपीस ड्रेस में नजर आ रही हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. उनका ये वेकेशन लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है. आमना (Aamna Sharif) ने सफेद वनपीस में अलग-अलग पोज दिए हैं, जिनमें वो बेहद हसीन लग रही हैं. एक तस्वीर में तो उनके हाथों में हैंडमेड फैन भी दिख रहा है, जो उनके लुक को और भी खास बना रहा है. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. आमना शरीफ की इन तस्वीरों को देखकर उनके फैंस दीवाने हो गए हैं. उनके पोस्ट पर लगातार कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. हर कोई उनकी खूबसूरती और फिटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहा है. कोई हार्ट, तो कोई किस इमोजी से एक्ट्रेस की तस्वीरों पर रिएक्ट कर रहा है.



# गरियाबंद: जनजातीय शिक्षा और विकास के लिए सजग दिखे कलेक्टर उइके

## एकलव्य विद्यालय सहित कई संस्थानों का किया निरीक्षण, जल्द पूरी होगी निर्माण प्रक्रिया







**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** जिला कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड के कई निर्माणाधीन एवं विकास परियोजनाओं का सघन निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, तय समय पर काम पूरा करें।

**छिंदौला में निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण, अगले सत्र से शुरू होगी पढ़ाई**– कलेक्टर उइके ने सबसे पहले छिंदौला पहुंचकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना जनजातीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं, छात्रावास भवन, भोजनशाला, प्रयोगशालाओं एवं खेल मैदान की योजना की विस्तृत जानकारी ली और निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता के साथ, समय–सीमा में पूर्ण हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में हरियाली, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए ताकि जब अगले शैक्षणिक सत्र में छात्र यहां प्रवेश लें तो उन्हें एक आदर्श वातावरण प्राप्त हो।



**फरसरा के प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण**– निरीक्षण के अगले चरण में कलेक्टर उइके फरसरा ग्राम पहुंचे और प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियां, बच्चों की पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। बच्चों से सीधे संवाद करते हुए उन्होंने उनकी पढ़ाई, रुचियों और समस्याओं को समझा और शिक्षकों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता से समझौता नहीं हो और बच्चों की उपस्थिति शत–प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। आंगनबाड़ी में निरीक्षण के दौरान एक दो वर्षीय बालिका कुमकुम बंजारा के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई और उसकी माता दीपा बंजारा को मैनपुर में 3 अगस्त को आयोजित नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैम्प में शामिल होकर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

**बेहराडीह में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आवासों का जायजा**– इसके पश्चात कलेक्टर बेहराडीह ग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तय समय पर, उत्तम गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें ताकि हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध हो सकें।

झरियाबाहरा: आदिवासी कमार छात्रावास का किया निरीक्षण

निरीक्षण का अंतिम पड़ाव रहा झरियाबाहरा, जहां स्थित आदिवासी कमार बालक छात्रावास में कलेक्टर ने विद्यार्थियों की स्थिति का अवलोकन किया।

छात्रों से बातचीत करते हुए उन्होंने भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य, पढ़ाई, स्वच्छता, रसोईघर, शौचालय, पेयजल और बिजली आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

**उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास में**– साफ–सफाई को प्राथमिकता दें

समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएं

बच्चों की मानसिक और शैक्षणिक प्रगति के लिए गतिविधियाँ संचालित की जाएं स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से हो और अनुशासन बना रहे

जनजातीय विकास केवल निर्माण नहीं, एक मजबूत नींव है — कलेक्टर उइके

कलेक्टर बी.एस. उइके ने अपने निरीक्षण के दौरान दो टूक कहा कि जनजातीय क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वस्थ जीवन और सम्मानजनक वातावरण देने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाएगी। निर्माण सिर्फइमारत का नहीं, एक उज्जवल भविष्य की नींव है।

निरीक्षण में अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों की बुनियाद मजबूत करने समग्र शिक्षा गरियाबंद की सघन पहल: औचक निरीक्षण में खुली कई व्यवस्थाओं की परतें



**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में गरियाबंद जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके के स्पष्ट निर्देशों के तहत समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय टीम ने गरियाबंद विकासखंड के कई प्रमुख विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था की असल तस्वीर को परखा। इस विशेष अभियान के दौरान निरीक्षण दल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तथा पीएम श्री स्कूल नागाबुड़ा में पहुंचकर कक्षाओं में बच्चों से सीधे संवाद किया। श्री शुक्ला स्वयं विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और हिंदी, अंग्रेजी तथा गणित की किताबें पढ़वा कर उनकी पठन क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल तथा विषय की गहराई से समझ का आंकलन किया।

**शिक्षा के साथ–साथ मूलभूत सुविधाओं की भी जांच**– निरीक्षण केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मध्यान्ह भोजन, छात्र–छात्राओं की उपस्थिति, शौचालय, पेयजल, एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की भी बारीकी से जांच की गई। श्री शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मिड डे मील का वितरण निर्धारित रोस्टर के अनुसार हो, भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसकी नियमित निगरानी की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पालकों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**नवाचार: एक पेड़ माँ के नाम अभियान की सराहना**– श्री शुक्ला ने स्कूल परिसर में चल रहे एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण अभियान की जानकारी ली और इस नवाचार को संवेदनशील और पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने वाला प्रयास बताया। उन्होंने इसे हर स्कूल में प्रेरणा स्वरूप अपनाने की अपील की।

**समग्र विकास को बताया शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य**– निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ला ने कहा – विद्यालय सिर्फ पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का केंद्र हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे न केवल पाठ्यक्रम में बेहतर हों, बल्कि नैतिक मूल्यों, जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता, खेल–कूद और सामाजिक सहभागिता में भी आगे बढ़ें।

**टीम में शामिल रहे अधिकारी**– इस सघन निरीक्षण अभियान में सहायक कार्यक्रम समन्वयक विल्सन पी. थॉमस, योगेश पटेल, बीआरसीसी छन्नू लाल सिन्हा, डीपीएमयू प्रभारी श्रीमती टाकेश्वरी, संकुल समन्वयक सहित कई शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक पहलुओं पर चर्चा की।

गरियाबंद में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की यह पहल न केवल प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि यह संकेत भी देती है कि अब स्कूलों में केवल शिक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के हर आयाम में विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। औचक निरीक्षणों के जरिए जो सक्रियता दिखाई जा रही है, वह निश्चित रूप से जिले के विद्यालयों को नई दिशा और धार देगा।

# संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अनुसूचित जाति एवं जनजाति अभ्यर्थियों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा ( गंगा प्रकाश )** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने बाबत आवेदन आमंत्रण जारी किया गया है। विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना (यथा संशोधित) वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर राशि रुपये 100000/– (अक्षर में एक लाख मात्र) प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है।

पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट (www.tribal.cg.gov.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लॉक–डी, भू–तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

# गणित एवं बायोलॉजी से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश पा सकेंगे डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कोर्स में

**बेमेतरा( गंगा प्रकाश )** छ.ग. शासन एवं दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम चोरभट्ठी में गत चार वर्षों से संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 12 वीं अंको के मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की गई हैं। यह निर्णय जिले के उन विद्यार्थी के भविष्य को लेकर किया गया है जिनके पास गणित एवं बायोलॉजी विषय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात तकनीकी शिक्षा के समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं होते। चोरभट्ठी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) पाठ्यक्रम में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे डेयरी उद्योग के लिये सक्षम युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है, एवं महाविद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्राओं के लिये नौकरी एवं व्यवसाय के बहुविकल्प उपलब्ध रहते है जिससे एक ओर जिले एवं प्रदेश के विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से उपलब्ध होता है, तथा दूसरी ओर प्रदेश में स्थापित शासकीय, अर्ध शासकीय एवं निजी डेयरी संस्थाओं की अन्य प्रदेशों के सक्षम युवाओं पर निर्भरता कम होती है। अभी संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है और 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विशेष रूप से गणित एवं बॉयोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिये डेयरी सेक्टर में अपना भविष्य सुनिश्चित करने का यह सुनहरा अवसर है। प्रवेश प्रक्रिया हेतु चोरभट्ठी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक या विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नं. 8964844803, 9340291259, ।000231858, ।000240 ।62, 9098360150 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जंगलों में बिखरी शराब की दुर्गंध पर आबकारी विभाग की करारी चोट – 105 लीटर कच्ची शराब जब्त, अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज



**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर नकेल कसने के लिए आबकारी विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला आबकारी अधिकारी श्री गजेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व और आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री श्याम धावड़े तथा गरियाबंद कलेक्टर श्री भगवान सिंह उईके के निर्देश पर 31 जुलाई को गरियाबंद और राजिम क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 105 बल्क लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है।

**दो अलग–अलग प्रकरण, एक ही गंध — 'कच्ची' का कुचक्र पहला मामला:** गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंटोरा से लगे जंगल में आबकारी नियंत्रण कक्ष द्वारा संभावित मदिरा निर्माण स्थलों पर सघन गश्त की गई। जंगल और नदी किनारे अलग–अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई 50 बल्क लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके पर कोई आरोपी नहीं मिला, परंतु अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**दूसरा मामला:** इसी दिन राजिम वृत्त के बरेठीनकोना जंगल में गश्त के दौरान शराब निर्माण की सूचना पर कार्रवाई की गई, जहाँ 55 बल्क लीटर कच्ची शराब छिपाकर रखी गई थी। इसे भी जब्त करते हुए धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**अंधेरे में चमकते 'शराब कारोबार' को उजागर करने में जुटा दल**– इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में विभागीय टीम की सक्रियता काबिले तारीफ रही। आबकारी उप निरीक्षक कन्हैयालाल कुर्रे, नागेशराज श्रीवास्तव, रजत चंद ठाकुर, आरक्षक पिताम्बर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप, महिला नगर सैनिक कामिनी सोनी, और वाहन चालक कुलेश्वर निषाद ने दिन–रात जंगल में डेरा डालकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

**जिले में शराब माफिया की कमर तोड़ने की मुहिम**– गौरतलब है कि कच्ची शराब न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि आमजन की सेहत पर भी भारी पड़ती है। गरियाबंद जिले के जंगलों में फैलते शराब के काले धंधे को देखते हुए आबकारी विभाग अब और सख्त रुख अपनाने जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में आबकारी उड़नदस्तों की संख्या बढ़ाई जाएगी, और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी पर भी विचार किया जा रहा है।

**कानूनी कार्रवाई और अगली कड़ी**– दोनों मामलों में धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। मामले की विवेचना तेज कर दी गई है। पकड़े जाने पर आरोपियों को 6 महीने से 3 साल तक की सजा और जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। कच्ची शराब के कारोबार पर लगातार पड़ती कानूनी गाज अब उन असामाजिक तत्वों के लिए चेतावनी है जो कानून से आंख मिलाने की जुर्रत करते हैं। गरियाबंद के जंगलों में चल रही 'शराब की साजिश' को तोड़ने में प्रशासन कितना कामयाब होता है, ये आने वाले दिनों में साफ होगा। लेकिन फ्लिहाल, 105 लीटर शराब की जब्ती इस बात का संकेत है कि सरकार और प्रशासन की नजर अब हर उस कोने पर है जहाँ अंधेरे में 'मुनाफे की बदबू' फैलाई जा रही है।

गंगा प्रकाश
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आवश्यकता है

छत्तीसगढ़ में तेजी से बढता हुआ अखबार ...गंगा प्रकाश को छत्तीसगढ़ के समस्त जिला एवं ब्लाक में विज्ञापन एवं समाचार संकलन हेतु विज्ञापन संकलनकर्ता एवं रिपोर्टरो की आवश्यकता है।

पत्रकारिता के क्षेत्रमें इच्छुक व्यक्ति जल्द संपर्क करें।

संपर्क सूत्र :- 8878098815 9770269285

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक प्रकाश कुमार यादव द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व मकान नंबर-451, वार्ड नंबर-12, झुलेलाल पारा, छुरा (नगर पंचायत), जिला-गरियाबंद (छ.ग.)-493996 से प्रकाशित। *संपादक प्रकाश कुमार यादव मो. 9589154969, प्रबंध संपादक रज्जू बंजारे मो.- 9770269285 (* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र गरियाबंद होगा।